

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-56 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 08 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## वक्फ संशोधन बिल की तत्काल सुनवाई हो, सीजेआई बोले इसके लिए पत्र लिखें

नई दिल्ली,(ए.)। वक्फ संशोधन बिल की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इन याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने की मांग सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में उठाई। इस पर सोमवार को चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने कहा कि कोर्ट में केसों की लिस्टिंग की एक मजबूत व्यवस्था है। इस तरह मौखिक तौर पर नहीं कहा जा सकता कि आप इस मामले की तत्काल सुनवाई करें। यदि आपको किसी मामले को अर्जेंट लिस्ट कराना है तो फिर उसके लिए पत्र लिखें और वह मेरे समक्ष लाया जाए।

इस पर सिब्बल ने कहा कि ऐसा पत्र पहले ही लिखकर जमा किया जा चुका है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि ठीक है फिर जब मेरे पास पत्र आ जाएगा तो मैं जरूरी कदम उठाऊंगा। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि ऐसी सभी




याचिकाएं मेरे समक्ष दोपहर में रखी जाती हैं। ऐसे में उसके लिए अलग से जिक्र करने की जरूरत नहीं। कपिल सिब्बल का कहना था कि कोर्ट तुरंत उस अर्जी पर सुनवाई करे, जिसे जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के मुखिया मौलाना अरशद मदनी ने दायर की है। ऐसी ही मांग वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और निजाम पाशा ने भी दोहराई। इनका भी कहना है कि वक्फ बिल असंवैधानिक है और कोर्ट को उसे खारिज कर देना चाहिए। पाशा और सिंघवी की ओर से उस अर्जी पर प्रतिनिधित्व किया जा रहा है, जिसे एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने दाखिल की है। इस पर भी चीफ जस्टिस ने कहा कि हम किसी मामले की लिस्टिंग से पहले उसके बारे में जानते हैं।वक्फ बिल के खिलाफ दायर याचिकाओं में एक्ट को ही चैलेंज किया गया है। इस एक्ट में वक्फ बोर्ड के संचालन, रेगुलेशन के नियमों में बड़े बदलाव किए गए हैं। इसके तहत अब आदिवासी इलाकों में किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा किसी मामले में वक्फ ट्राइब्यूनल के अलावा स्थानीय अदालतों से लेकर ऊपरी अदालतों तक में केस दाखिल हो सकते हैं और उनका फैसला ही अंतिम माना जाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने राज्य सेवा अधिकारियों के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रशासन अकादमी में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

## तेज रफ्तार दो बाइक की सीधी भिड़ंतः दो की मौत, पांच घायल

शहडोल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में शहडोल सड़क हादसे की बड़ी खबर सामने आई है। जैतपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर में तेज रफ्तार दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए।घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर की है। जहां चैत्र नवरात्रि जावरा जुलूस में शामिल होने के लिए भाटिया मंदिर जाते समय ये हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, घटना में सुरेंद्र सिंह और सूरज पाव की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों लोग जुलूस में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी उनकी बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।मामले की सूचना पर मौके पर जैतपुर पुलिस पहुंची। इसके बाद पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

## रसोई गैस 50 रुपए महंगी



नई दिल्ली (ए)। केंद्र सरकार ने सोमवार को रसोई गैस 50 रूपए महंगा कर दिया, वहीं पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी है। हालांकि, आधे घंटे बाद ये भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। ये खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपए लीटर और डीजल पर 15.80 रुपए लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है। इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपए लीटर और डीजल पर 17.80 रुपए लीटर ड्यूटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा। अगर आगे भी कच्चे तेल के दाम घटे रहे तो पेट्रोल-डीजल के दामों में गिरावट आ सकती है।घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा हो गया है। सोमवार को पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। अभी दिल्ली में गैस सिलेंडर 803 रुपए में मिलता है। दाम बढने के बाद कीमत 853 रुपए हो जाएगी। वहीं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस सिलेंडर की कीमत 500 से बढक़र 550 रुपए हो जाएगी। आखिरी बार सरकार ने 8 मार्च 2024 को महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की कटौती थी। तब दिल्ली में सिलेंडर 903 रुपए का था। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को लागत से कम कीमत पर सिलेंडर बेचने के कारण लगभग 41,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

## मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में बनाएंगे अग्रणी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ अनमोल 2.0 का शुभारंभ

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाया जाएगा। इस दिशा में प्रदेश में निरंतर कार्य हो रहा है। सरकार के साथ समाज को भी स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय करना है। शासकीय, अशासकीय और अर्द्धशासकीय स्तर पर नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में अनेक प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर होटल कोर्टयार्ड मैरियट में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया।

## पालघर में रामनवमी पर हिंसा, बाइक रैली पर उपद्रवियों ने फेंके अंडे; तनाव के बाद भारी पुलिस बल तैनात



पालघर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पालघर जिले में रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक मोटरसाइकिल रैली के दौरान तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। चिखलडोंगरी से निकली इस रैली पर अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अंडे फेंके, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सार्वजनिक उपद्रव और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह रैली सकल हिंदू समाज द्वारा रामनवमी के अवसर पर आयोजित की गई थी, जो चिखलडोंगरी के सर्वेश्वर मंदिर से शुरू होकर विरार (पश्चिम) स्थित ग्लोबल सिटी के पिंपलेश्वर मंदिर तक जा रही थी। जुलूस में करीब 100 से 150 मोटरसाइकिल, एक रथ और दो टेम्पो शामिल थे, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि जब रैली पिंपलेश्वर मंदिर के पास पहुंची, तभी पास की एक इमारत से अचानक अंडे फेंके गए। कुछ मोटरसाइकिल सवार, जो एक साइड स्ट्रीट से गुजर रहे थे, इस हमले का निशाना बने। इससे रैली में शामिल श्रद्धालुओं में रोष फैल गया और इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। बोलिंज पुलिस स्टेशन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत किया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की असत्यापित जानकारी साझा न करें, जिससे माहौल बिगड़ सकता है। मामले की जांच जारी है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## रिहायशी इलाके में शराब दुकान खोलने को लेकर फूटा आक्रोश, बड़वारा में लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन, दुकान हटाने की मांग करते हुए सौंपा ज्ञापन

कटनी (आरएनएस)। जिले के बड़वारा ग्राम में आबादी के बीच संचालित हो रही शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित किए जाने की मांग करते हुए एक बार फिर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे सैकड़ो लोगों ने कलेक्टर, एसपी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए शराब दुकान को तत्काल गांव के बाहर स्थापित कराए जाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दे दी कि यदि उनकी बातों को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया और शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे।

गत रविवार देर शाम बड़वारा ग्राम के सैकड़ो की संख्या में लोग जमा हो गए और उन्होंने सड़क पर बैठकर धरना देना शुरू कर दिया। गांव के अंदर चल रही शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित कराए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि शासकीय देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को गांव से बाहर स्थापित किया जाए। समस्त गग्रामीणों के द्वारा कई दिनो से शासन-प्रशासन से मांग की जा रही है कि ग्राम पंचायत बडवारा तहसील मुख्यालय में संचालित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान ग्राम से बाहर संचालित की जाये। विगत दिनों सड़को पर उत्तरकर बार बार धरना प्रदर्शन भी किया गया, किन्तु शासन से निराशा ही हाथ लगी।

## जिंदगी का आखिरी सफरः दो कारों में सीधी भिड़ंत, 3 लोगों की गई जान

### 5 लड़ रहे जिंदगी और मौत से जंग




छिंदवाड़ा (आरएनएस) । जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया. जहां दो कारों में सीधी भिड़ंत हो गई. हादसे में कार सवार 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं 5 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतकों में महिला-पुरुष और मासूम बच्चा शामिल है. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वो जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं।

यह घटना छिंदवाड़ा-चौरई रोड पर परासिया के पास की है. बताया जा रहा है कि दोपहर लगभग 3.30 बजे चौरई की तरफ से छिंदवाड़ा आ रही एक कार और छिंदवाड़ा की तरफ से चौरई की तरफ जा रही महाराष्ट्र की एक कार की तेज रफ्तार में आमने-सामने से टक्कर हो गई. हादसा इतना भयावह था कि गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई. जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में एक महिला का शव कार में ही फंसा रह गया. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कटर की सहायता से कार को काटकर शव को बाहर निकाला. हादसे में हताहत एक परिवार नागपुर से चौरई के आगे कपूरदा माता मंदिर दर्शन के लिए निकला था. जिसमें केवल तीन लोग सवार थे. जबकि दूसरी कार में पांच लोग बैठे थे, जिनमें से तीन की मौत हो गई है. फिलहाल, पुलिस इस पूरे घटनाक्रम के जांच पड़ताल में जुट गई है।




## बटाला में पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, खालिस्तानी समर्थक ने किया रॉकेट लॉन्चर इस्तेमाल करने का दावा

गुरदासपुर (आरएनएस)। बटाला के किला लाल सिंह पुलिस स्टेशन के पास रविवार देर रात करीब 12:35 बजे एक संदिग्ध हमला हुआ। खालिस्तान समर्थक आतंकियों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई एक पोस्ट में इस हमले का दावा किया गया है। पोस्ट के अनुसार, यह हमला खालिस्तानी आतंकी हैप्पी पासियां ने रॉकेट लॉन्चर से किया है। इस हमले को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में हुई एक मुठभेड़ का बदला बताया जा रहा है।

तेज धमाके की आवाज से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। किला लाल सिंह के निवासियों ने भी रात में तीन जोरदार धमाके सुनने की पुष्टि की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। यह धमाका बटाला के फतेहगढ़ चूड़ियां कस्बे में स्थित किला लाल सिंह पुलिस स्टेशन के सामने से गुजर रही नहर के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने धमाके की आवाज सुनकर चिंता जताई है। पुलिस ने रात से ही थाने के आसपास के इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस अधिकारी फिलहाल धमाके की प्रकृति और कारणों पर कोई भी आधिकारिक जानकारी देने से बच रहे हैं और मामले की जांच जारी है।गौरतलब है कि पंजाब में पुलिस थानों और चौकियों पर हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है। अतीत में भी पंजाब और हरियाणा में लगभग 15 ऐसे हमले हो चुके हैं, जिनमें पुलिस थानों, चौकियों और कुछ व्यक्तियों के घरों को निशाना बनाया गया था।

## हम बिहार का चेहरा बदलना चाहते हैं : राहुल गांधी

पटना (आरएनएस)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि हिंदुस्तान की सच्चाई की रक्षक संविधान है। भगवान बुद्ध, गुरु नानक, कबीर ऐसे कई महापुरुष हैं, जिन्हें हिंदुस्तान मानता है। भीमराव अंबेडकर ने दलितों की लड़ाई लड़ी, लेकिन यह उन्हें दलितों ने ही सिखाया। उन्होंने उनके दर्द को समझा और उसके बाद उनकी लड़ाई लड़ी।राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है कि जो गरीब लोग हैं, जो कमजोर लोग हैं, ईबीसी, ओबीसी, गरीब, दलित इन सबको जोड़कर, इज्जत देकर आगे बढ़े। कांग्रेस पार्टी को जिस गति और जिस मजबूती से बिहार में काम करना चाहिए था, वो नहीं किया।

उन्होंने कहा कि हम अपनी गलती से समझे हैं और अब हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के गरीब, कमजोर, ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित को लेकर हम एक साथ आगे बढ़ेंगे।उन्होंने तेलंगाना के जातीय गणना को पारदर्शी बताते हुए कहा कि वहां जाति का पूरा का पूरा डेटा हमारे हाथ में है। बहुत सारे लोग बहुत तरह की बात करते हैं कि जाति जनगणना नहीं होनी चाहिए, लेकिन हम लोग चाहते हैं कि देशभर में जातीय जनगणना हो।उन्होंने आरक्षण को लेकर कहा कि आज तेलंगाना में देखेंगे तो वहां बड़ी कंपनियों के मालिक,



उसके सीईओ, प्रबंधन में ओबीसी, ईबीसी, दलित और महादलित के लोग नहीं मिलेंगे, लेकिन मजदूर वर्ग की सूची में यही लोग मिलेंगे।उन्होंने कहा कि मैं 50 फीसदी आरक्षण की इस दीवार को तोड़कर फेंक दूंगा। इस देश को दस-पंद्रह लोग चला रहे हैं। जातीय जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है, इससे देश की सच्चाई पता चलेगी।उन्होंने एक आईआईटी प्रोफेसर का उदाहरण देते हुए कहा कि भले ही आप डॉक्टर, प्रोफेसर या कोई बड़े आदमी बन जाएं, मगर सिस्टम आपको आपका काम सही से नहीं करने देगा। अगर आप डॉक्टर हैं, दलित वर्ग से आते हैं और कोई अस्पताल खोलना चाहते हैं, तो आपको लोन नहीं मिलेगा। बैंक से लोन मिल भी जाएगा तो ब्यूरोक्रेट अड़ंगा लगा देंगे।

## राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के तहत हो रहा वक्फ कानून का विरोध : सुधांशु त्रिवेदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। वक्फ कानून के खिलाफ विपक्षी दलों और मुस्लिम संगठनों के विरोध के बीच भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि



वक्फ संशोधन कानून को सभी संवैधानिक आवश्यकताओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा करते हुए बनाया गया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को कहा, वक्फ संशोधन कानून को सभी आवश्यक संवैधानिक आवश्यकताओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा करते हुए बनाया गया है। इसे संसद में पेश किया गया, फिर संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया। समिति की सिफारिशों के बाद इसे वापस सदन में लाया गया। दोनों सदनों में न केवल आधी रात तक, बल्कि सुबह तक व्यापक चर्चा हुई, जिसे पूरे देश ने देखा। उसके बाद राष्ट्रपति की सहमति से अब यह कानून बन गया है।उन्होंने आगे कहा, मैं बताना चाहूंगा कि सभी राजनीतिक दल संवैधानिक व्यवस्थाओं और प्रक्रियाओं के बारे में अपनी बात रख चुके हैं और यह उनका अधिकार है, इसलिए उन्होंने इस मामले में न्यायालय का रुख किया है। हालांकि, हम पहली बार देख रहे हैं कि लोग बिल के कानून बनने से पहले ही अदालतों का रुख कर रहे हैं। यह एक अजीब और अभूतपूर्व मामला है। कानूनी तौर पर कोई भी बिल के अधिनियमित होने से पहले उसे चुनौती नहीं दे सकता, जिससे साफ जाहिर होता है कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के तहत ऐसा किया जा रहा है।

## विविध-समाचार

### मध्य प्रदेश पीडब्ल्यूडी के लोकपथ मोबाइल ऐप की केबीसी में हुई तारीफ

**– मंत्री ने अमिताभ बच्चन को किया धन्यवाद ज्ञापित**

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की सड़कों पर गड्ढों की सूचना देने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा शुरू किए गए लोकपथ मोबाइल एप्लीकेशन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल गई है। हाल ही में चर्चित टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में इस एप्लीकेशन को लेकर फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन ने एक प्रतिभागी से सवाल किया है। यह प्रतिभागी मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के रचित बिल्थरिया थे। जिन्होंने सवाल का सही जवाब दिया। मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री राकेश सिंह ने केबीसी में मध्य प्रदेश के नवचार को स्थान देने के लिए फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि विभाग ने लोकपथ नाम से एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति एमपी की सड़कों में गड्ढों की शिकायत रूपी सूचना सीधे विभाग को भेज सकते हैं। इस पर आने वाली सूचना के बाद विभाग तत्काल ही सड़कों के गड्ढे जल्द सही करवाता है।

### एमबीए की छात्रा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

भोपाल (आरएनएस)। कोलार इलाके में रहने वाली एक एमबीए छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती की आरोपी से दोस्ती करीब पांच साल पहले सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। शुरुआती बातचीत के बाद दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदली और फिर युवक ने शादी का झांसा देकर छात्रा का शारीरिक शोषण शुरू कर दिया।पीड़िता द्वारा शादी के लिए दबाव बनाने पर आरोपी ने उसे जाति का हवाला देकर इनकार कर दिया। छात्रा की शिकायत पर कोलार थाना पुलिस ने आरोपी दीपांशु चौरसिया के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी फरार है। पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय युवती भोपाल के कोलार इलाके में किराए से रहती है और मूल रूप से भोपाल जिले से सटे एक अन्य जिले की रहने वाली है। करीब पांच साल पहले उसकी दोस्ती दीपांशु चौरसिया नामक युवक से सोशल मीडिया पर हुई थी। बातचीत के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी भी कोलार इलाके में ही रहता है।धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इस दौरान दीपांशु ने शादी का वादा करते हुए कई बार अलग-अलग स्थानों पर शारीरिक संबंध बनाए।हाल ही में जब छात्रा ने शादी की बात की तो आरोपी ने उसे 'छोटी जाति' का बताकर शादी से इनकार कर दिया। कई बार समझाने के बावजूद जब युवक नहीं माना तो पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आरोपी जबलपुर जिले का रहने वाला बताया जा रहा है और फिलहाल फार्मेसी से जुड़ा काम करता है। कोलार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### गाड़ी में तोड़-फोड़ से रोकने पर युवक की हत्या

भोपाल (आरएनएस)। प्रीत नगर छोला में युवक की हत्या का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने पहले उनके भाई के वाहन में तोड़फोड़ की। भाई ने आरोपियों को तोड़फोड़ करने से रोका तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। यह देख छोटा भाई उसे बचाने पहुंचा तो उसे मौत के घाट उतार दिया। छोला मंदिर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार देर रात की है। एसआई इंदर सिंह मुजालदे ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम किया है। हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी अभी नहीं की जा सकी है।कमल कुशवाह (32) पुत्र नन्नू लाल निवासी प्रीत नगर छोला पेंटरी का काम करता था। रविवार की देर रात उसके घर के बाहर खड़ी बाइक में तोड़फोड़ की आवाज सुनाई दी। इस पर कमल के बड़े भाई ओम प्रकाश ने बाहर निकलकर हुड़दंग कर रहे युवकों को समझाइश दी। आरोपी उनसे बहस करने लगे। इसी बात पर ओम प्रकाश और आरोपियों के बीच विवाद होने लगा। आवाजें सुनने के बाद कमल घर के बाहर निकला और बचाव करने का प्रयास किया। तब आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और छुरी से तीन वार कर दिए। एक वार उसके सिर, दूसरा पेट और एक हाथ पर लगा है। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी छुरी लहराते हुए फरार हो गए। ओम प्रकाश ने बताया कि आरोपी युवराज लोधी और करण लोधी दोनों पास की एक बस्ती के रहने वाले हैं। दोनों नशे की हालत में प्रीत नगर में पहुंचे और बाइक में तोड़फोड़ शुरू की थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।



विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की

## नए आपराधिक कानूनों, धाराओं और प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन को कराएं उपलब्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**–सभी स्तर पर तकनीकी संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए**

**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा**

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाए गए नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय प्रणाली को अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बने इन कानूनों और नवीन प्रक्रियाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। न्याय प्रणाली से जुड़ी सभी संस्थाओं में अद्यतन व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जन-सामान्य को नई धाराओं और प्रक्रियाओं से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने के लिए नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन आपराधिक कानूनों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मंत्रालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस, जेल, अभियोजन, न्यायिक एवं फॉरेंसिक कर्मियों के बीच अद्यतन तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। सभी हितधारकों में हर स्तर पर बेहतर समन्वय जरूरी है। प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था, उपकरण और भौतिक संसाधनों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अचल सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ राजस्व का अमला भी सजग और सतर्क रहे, साथ ही दोनों विभागों में परस्पर समन्वय भी हो। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों सहित जिन क्षेत्रों में भूमि की दरें तेजी से बढ़ रही है, वहां विशेष सजगता बरती जाए। बैठक में बताया गया कि समयावधि में चालान के लिए नवीन डैशबोर्ड उपलब्ध है।

## थाना रातीबड पुलिस को मिली सफलता

## 48 घण्टे के अंदर लाखो की चोरी नकबजनी की घटना का किया खुलासा

**पूर्व मे थाना हबीबगंज, बागसेवनिया, ऐशबाग एवं रातीबड थाना क्षेत्र मे दी है घटना को अंजाम**

भोपाल (ए) । शहर में होंने वाली चोरी, नकबजनी एवं गंभीर घटनाओ पर अंकुश लगाने एवं अपराधियो पर नियंत्रण हेतु एवं अपराधियो के विरुध्द कडी कार्यवाही करने एवं पीडित को न्याय दिलाने हेतु पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल अवधेश गोस्वामी द्वारा आरोपियो की धड पकड हेतु एवं कार्यबाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशो के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त महोदय अखिल पटेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस उपायुक्त महोदय जोन-01 श्रीमती रश्मि अग्रवाल दुबे व सहायक पुलिस आयुक्त महोदय टीटी नगर श्रीमान चन्द्रशेखर पान्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रातीबड़ उनि0 रास बिहारी शर्मा के नेतृत्व में थाना रातीबड़ पुलिस नें चोरी, नकबजनी की घटना का खुलासा कर चोरी करने वाली गैंग को लिया अभिरक्षा मे । दिनांक 05.04.2025 आवेदिका केसकली मिश्रा नि0 नियर खेडापति हनुमान मंदिर डीपीएस रोड भोपाल थाना उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट किया आज दिनांक 05/04/2025 के 12.30 बजे घर पर ताला लगाकर मंदिर गए थे। दोपहर करीबन 03.00 बजे वापस आकर देखा तो सामने के लोहे वाले गेट का ताला लगा हुआ था घर का मेन दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो मेरे कमरे की दो अलमारी का लाकर टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ पडा था और मेरी बेटी पुष्पा मिश्रा के कमरे की अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था, उसका भी पूरा सामान बेड पर बिखरा पडा हुआ था। किसी अज्ञात चोर ने उनके घर के दरवाजे और अलमारी का ताला तोडकर घर में प्रवेश कर घर में चोरी की है, जिस पर धारा 331(3), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। घटना के संबंध में बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तो गया जो पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल द्वारा तत्काल थाना पर टीम गठित कर नकबजनी की घटना का पता कर चोरी गये आभूषण बरामद कर आरोपीयो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

## हैवान बना रिश्ते का 35 साल का भाई, 8 साल की मासूम से किया दुष्कर्म का प्रयास

भोपाल (ए. )। बैरसिया थाना क्षेत्र में स्थित ग्राम सुहाया के जंगल में शनिवार शाम 8 साल की मासूम बच्ची के साथ उसके 35 साल के रिश्ते के भाई द्वारा दुष्कर्म के प्रयास का रिश्तो को कलंकित किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी बच्ची को बाइक से अपने घर खाना बनाने ले जा रहा था। बाइक पर उसने बच्ची के साथ गंदी हरकत की जिस पर नजर पड़ने पर तो कुछ लोगों ने बाइक से उसका पीछा किया। आरोपी मासूम को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा लेकिन पीछा कर रहे लोगों ने उसे पकड़कर धुनाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए थाने लाकर उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।



## *अधिकारियों को अपने अधिकारों की जानकारियॉ होना चाहिए : गुलशन बामरा*

***दो दिवसीय कार्यशाला का प्रमुख सचिव ने किया शुभारंभ***

*भोपाल (निप्र)। प्रमुख सचिव जनजाति गुलशन बामरा ने कहा कि अधिकारियों को अपने अधिकारों के साथ अपने से वरिष्ठ अधिकारी के अधिकारों की भी जानकारियॉ होना चाहिए। प्रमुख सचिव श्री बामरा सोमवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के 22 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत लोग निवास करते हैं। हमारी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, जब प्रदेश की कुल जनसंख्या के एक तिहाई से अधिक लोगों के विकास और उन्नति का दायित्व हमें सौंपा गया हो। इस अवसर पर आयुक्त श्रीमन शुक्ल एवं आयुक्त सुश्री वंदना वैद्य भी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त, सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य एवं अधिसूचना जाति कल्याण विभाग की दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों के विभागीय प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन प्रमुख सचिव श्री बामरा ने अधिकारियों से उनके स्थापना संबंधी दैनंदिनी कार्य, जिसमें शासकीय सेवा में अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशासन संबंधी कार्य जिसमें नियुक्ति, पदस्थापना, अनुकंपा नियुक्ति,गोपनीय चरित्रावली पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं के निराकरण पर अधिकारियों से सवाल जबाव भी किए। प्रमुख सचिव श्री बामरा ने कहा कि हमें अपने दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए।*

## ज्ञान दान अभियान की प्रेरणादायक शुरुआत

### किताबें दान करें, जीवन संवारे



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 7 अप्रैल 2025 से 'ज्ञान दान अभियान' की शुरुआत की गई है। इस सराहनीय पहल का शुभारंभ राज्य कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती हर्षिका सिंह ने किया। अभियान का जरूरतमंद विद्यार्थियों तक प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक किताबों को पहुँचाना है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। सीईओ श्रीमती सिंह ने आमजन से आग्रह किया गया है कि वे पुरानी व उपयोग में न आने वाली यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, स्कूल-कॉलेज स्तर की किताबें और सामान्य ज्ञान व संदर्भ ग्रंथ दान कर सकते हैं। ये पुस्तकें आजीविका मिशन के राज्य, जिला व ब्लॉक कार्यालयों, सीटीसी-सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र या गांवों में मौजूद स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालयों के माध्यम से एकत्र की जाएंगी। यह अभियान किताबों का आदान-प्रदान कर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने की एक सशक्त मुहिम है। आमजन से अपील है कि वे इस अभियान से जुड़कर किसी के सपनों को उड़ान देने में भागीदार बनें।

# प्रदेश में खेलों के उन्नयन के लिये मंत्री श्री सारंग ने ली सभी महापौरों की बैठक

**खेलों के सकारात्मक माहौल के लिये हुई बैठक नगरीय निकायों में खेल विभाग के सहयोग से कम्युनिटी स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा**



भोपाल (निप्र)। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में खेलों के उन्नयन के लिये प्रदेश के सभी महापौरों की बैठक ली। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने, नगरीय निगम के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद खेल मैदानों व अधोसंरचना का उन्नयन कर खेल गतिविधियों को गति दी जा सकती है। बैठक में नगरीय निकायों और खेल विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे राज्य भर में खेलों का व्यापक प्रसार और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### खेल विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से विभिन्न पहल की जा सकती हैं। इसमें फिट इंडिया क्लब की स्थापना तथा सामुदायिक स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन प्रमुख है। उन्होंने उपस्थित सभी महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खेलों के उन्नयन के लिये क्षेत्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें। इससे खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलेगा और स्वस्थ एवं सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकेंगे।

### हर जिले में फिट इंडिया क्लब, हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा आधुनिक खेल परिसर

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि भोपाल में प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब स्थापित किया गया है, जिसका द्वितीय चरण वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसी मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त फिट इंडिया क्लब स्थापित किए जाएंगे। इन क्लबों में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन क्लबों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर शीघ्र प्रस्ताव भेजें।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि देश में पहली बार प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में खेल परिसरों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। यह पहल युवाओं को खेलों से जोड़ने, प्रतिभाओं को तराशने और खेल के प्रति सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### खेल विभाग के नवाचारों पर हुई चर्चा

बैठक में खेल विभाग द्वारा प्रारंभ किये गये नवाचार-खेलो बढ़ो अभियान, पार्थ, मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान पर भी चर्चा हुई। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ने के लिये खेलो बढ़ो अभियान की शुरूआत की गई है। इसके साथ ही युवाओं को पुलिस, सेना व पैरा मिलिट्री की शारीरिक व लिखित परीक्षाओं की तैयारी के लिये पार्थ योजना प्रारंभ की गई है। इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री श्री सारंग ने महापौरों से कहा कि वे अपने नगरीय निकाय क्षेत्रों में इन नवाचारों को सक्रिय रूप से लागू करने में सहयोग करें, जिससे अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें।

## सिध्द भाऊ एवं सबनानी ने किया सहायता केंद्र का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी एवं होशंगाबाद रोड द्वारा सहायता केंद्र का शुभारंभ सिद्ध भाऊ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा किया गया।

सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी एवं होशंगाबाद रोड द्वारा संचालित सहायता केंद्र के द्वारा केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को मिल सके और उन्हें इन योजनाओं के मिलने में किसी प्रकार की कोई कठिनाइयां आ रही हो तो उसकी सहायता हेतु पंचायत द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जिसके द्वारा सभी को इन योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा, अध्यक्ष जयपाल राजदेव ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 9993125963 पर फोन कर जनमानस को इन योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। सिद्ध भाऊ जी ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा प्रयास है और सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले सके, इसकी चिंता सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी द्वारा की गई इसके लिए मैं पंचायत के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं की ज्यादा से ज्यादा लोग इस हेल्पलाइन के द्वारा योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ ले सकें।विधायक सबनानी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनका लाभ भी जनता को मिल रहा है हमारी मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा भी जनता की भलाई के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं, डॉ मोहन यादव जी के द्वारा इन योजनाओं के क्रियावरन का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## भोपाल से देश को गौरव दिलाने वाले अधिकारी, मगर चंद भ्रष्टाचारी बदनाम कर रहे हैं पूरा सिस्टमः समाजसेवियों की गंभीर चिंता

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल सहित देशभर में कार्यरत अधिकांश डॉक्टर, पुलिसकर्मी, रेलवे व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी अपने उत्कृष्ट कार्यों और ईमानदारी के लिए देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। इनकी वजह से न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि सम्पूर्ण भारत गौरव की अनुभूति करता है। मगर कुछ गिनती के लोग—जिनकी संख्या 10% से भी कम मानी जा रही है—अपने निजी स्वार्थ, पक्षपात और भ्रष्टाचार से पूरे सरकारी तंत्र को बदनाम करने में लगे हैं। समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि यदि सरकार ठान ले, तो इन 0% से 10% लापरवाह और भ्रष्ट कर्मचारियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस विभाग की बात करें तो मात्र 5 प्रतिशत पुलिसकर्मी ऐसे हैं जो झूठी शिकायतों में व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते आम नागरिकों को फँसाकर झूठे केस दर्ज करते हैं। समाजसेवियों का मानना है कि अधिकांश पुलिसकर्मी राष्ट्र की सेवा में ईमानदारी से जुटे हुए हैं, परंतु कुछेक की हरकतों से पूरे विभाग की छवि धूमिल होती है। कुछ मामलों में आरोप लगाया गया है कि उच्च अधिकारियों या नेताओं की सिफारिशों का हवाला देकर बेगुनाहों को झूठे मामलों में फँसाया जा रहा है।रेलवे, स्वास्थ्य, और नगर निगम जैसे विभागों में भी कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा ईमानदारों को बदनाम करने, बाहर की दवाइयाँ लिखवाकर गरीब मरीजों का शोषण करने और योजनाबद्ध रूप से भ्रष्टाचार फैलाने के आरोप सामने आए हैं।

### भोपाल की जेलें और पुलिस थाने भी सवालों के घेरे में

कटारा हिल्स, कोलार और शाहपुर थानों पर विशेष रूप से सवाल उठाए गए हैं। समाजसेवियों ने मांग की है कि इन थानों के पिछले 5 वर्षों के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कर यह सामने लाया जाए कि कितने बेगुनाहों को गलत तरीके से जेल भेजा गया है। भोपाल की जेल व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। शिकायतें हैं कि कागजों पर भले ही व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त दिखाई देती हों, लेकिन हकीकत में कैदियों को समय पर पानी, भोजन और मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलतीं। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ अधिकारी जेल के अंदर भी भेदभाव और अत्याचार में लिप्त हैं।

### राष्ट्र हित में निष्पक्ष जांच की मांग

समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मानवाधिकार आयोग से निवेदन किया है कि इस पूरे विषय पर निष्पक्ष राष्ट्रीय स्तर की जांच कराई जाए। जिससे न सिर्फ ईमानदार अधिकारियों की गरिमा बनी रहे बल्कि जो कुछ गिनती के भ्रष्ट लोग पूरे सिस्टम को बदनाम कर रहे हैं, उन पर सख्त कार्रवाई हो सके।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## बीमाधारकों के साथ चतुराई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मेडीक्लेम पॉलिसी को लेकर बीमाधारकों के हित में महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है। अदालत ने कहा है कि किसी व्यक्ति को मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के चिकित्सा व्यय के मुआवजे से नहीं काटा जा सकता। पीठ ने कहा कि मेडीक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार द्वारा प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा दिलवाने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्त्तव्य भी है।अदालत ने कहा कि मृतक द्वारा किए गए दूरदर्शितापूर्ण वित्तीय निवेश का लाभ अपराधी नहीं उठा सकता। मामले में बीमा कंपनी का दावा था कि चिकित्सा व्यय भी मेडीक्लेम पॉलिसी के हिस्से के रूप में प्राप्त बीमा राशि के अंतर्गत आता है। यह तर्क बेहद दुखद है कि बीमाकर्ता का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि अपने देश में अभी भी बीमा कराने के प्रति लोग ज्यादा जागरूक नहीं हैं। मगर वाहन बीमा सड़क पर निकले चालक के लिए काफी सुविधाजनक व्यवस्था साबित हो रही है।30त्न आबादी अभी भी स्वास्थ्य बीमा से वंचित बताई जाती है। उक्त मामले में यदि बीमाधारक द्वारा दोनों तरह का बीमा लिया गया था तो उसे दोनों का लाभ मिलना उचित कहा जाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा और वाहन बीमा के लिए वह अलग-अलग प्रीमियम का भुगतान कर रहा है तो उसके अधिकार से वंचित किया जाना कंपनियों की नीयत में खोट दर्शाता है। बीमा कंपनियां अभी भी धारकों को मुआवजा देने में भारी कोताही करती पाई जाती हैं।

तमाम नियम-कायदों के बावजूद वन-विंडो प्रणाली संभव होती नहीं नजर आती। बीमा कंपनियों में सार्वजनिक के साथ ही निजी क्षेत्र भी शामिल है। बावजूद इसके बीमाधारकों से किए वादों को पूरा करने में विभिन्न अड़चनें लगाई जाती हैं। कंपनियों का मानना है कि उनके समक्ष भी तमाम समस्याएं हैं। बीमाधारकों द्वारा गैर-वाजिब, झूठे या गलत तरीके से किए गए दावों से भी वे त्रस्त रहती हैं। मगर यह मामला काफी अलग है जिसमें बीमा कंपनियों ने मुआवजे के लाभकर्ता के प्रति न केवल अमानवीय रवैया रखा, बल्कि उचित लाभ देने में कटौती का प्रयास भी प्रयास किया। अदालत को इन पर आर्थिक दंड लगाना चाहिए ताकि भविष्य में वे बीमाधारकों के साथ चतुराई करने से बाज आएं।

# घटनाओं को राष्ट्रीयता के आधार से देखें व हल करें



रघु ठाकुर

महाराष्ट्र के औरंगाबाद में ओरंगजेब की मजार को हटाने की चर्चा होने के बाद समूचे देश में एक आंतरिक तनाव नजर आ रहा है। कुछ स्थानों पर तो भारी हिंसा भी हुई है। नागपुर में लगभग 1200 लोगों के विरुद्ध तोड़?फोड़ वा हिंसा के मामले दर्ज हुए हैं। देश के कई स्थानों पर बड़े-बड़े प्रदर्शन व धरना आदि किए गए है। यह विचित्र है कि आजादी के लगभग 77 साल के बाद भी हम लोग समस्याओं का आपसी समाधान करना तो दूर आपस में संवाद भी नहीं कर पाते और समस्याएं भी अक्सर कुछ लोगों और विशेषत: कुछ राजनेताओं के अनुचित और असंतुलित बयानों को लेकर शुरु होती है।

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक श्री अबू आजमी ने बयान देकर औरंगजेब को एक अच्छा प्रशासक कहा था और यह भी कहा था कि उनके बारे में गलत प्रचार किया गया है जिससे विवाद शुरु हुआ। हालांकि बाद में उन्होंने अपना बयान वापिस ले लिया।

हर व्यक्ति में कई प्रकार के गुण और कमियां होती है तथा उनके बारे में कोई अंतिम निष्कर्ष निकाल पाना कठिन होता है। जिस आधार पर श्री अबू आजमी ने औरंगजेब की प्रशंसा की और कहा कि औरंगजेब ने देश के कुछ मंदिरों को जमीन दान दी तथा उनके एक सिपहसालार ने किसी पंडित की बच्ची के साथ अन्याय किया जिस पर से उन्होंने अपने सिपहसालार को हाथी के पैरों तले दबवा कर मार दिया। इतिहास की घटनाओं के बारे में विशेषत: किंवदंतियों के बारे में प्रमाणित रुप से कुछ कहना कठिन होता है। परंतु उनके इस बयान के बाद संघ समर्थित संस्थाओं ने अबू आजमी के कथन का जबरदस्त विरोध किया। उन्होंने औरंगजेब के द्वारा छत्रपति शिवाजी के बेटे छत्रपति संभाजी को 40 दिन तक यातना देकर उनकी हत्या करने का आरोप दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि औरंगजेब ने अपने 49 वर्षों के शासनकाल में 46 लाख हिन्दुओं को मारा।

उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांनामा का उल्लेख करते हुए कहा कि शाहजहां ने लिखा था, खुदा करे ऐसी कमबख्त औलाद किसी की न हो। औरंगजेब द्वारा लगाए गए जजिया कर कि चर्चा भी उन्होंने की और प्रतिपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि वे जाकर बिहार के पुस्तकालय में रखी पुस्तकें पढ़े। 49 वर्षों में 46 लाख हिन्दुओं को मारे जाने की सूचना जरूर कुछ अतिरेक लगती है क्योंकि आज से 360 वर्ष पूर्व 1707 में देश की आबादी कितनी रही होगी इसकी गणना आसान नहीं है। 1947 में आज से 77 वर्ष पूर्व देश की आबादी लगभग 30 करोड़ के करीब थी। इसी आधार पर हम लोग आबादी का विश्लेषण करें तो 1707 में आबादी मुश्किल 5-6 करोड़ के आसपास रही होगी और उसके भी पहले 49 वर्ष औरंगजेब के शासनकाल के थे तब आबादी और भी कम हो सकती है। छह करोड़ की आबादी मान भी लें तो तीन करोड़ महिलाएं होगी और लगभग डेढ़ करोड़ बच्चे होंगे तो क्या यह संभव है कि 1.5 करोड़ की आबादी में से 49 लाख लोग मार दिए जाएं यानी हर 3 में से 1 व्यक्ति मैं यह गणना औरंगजेब के पक्ष में नहीं कर रहा हूं बल्कि इसलिए कि तथ्यों की निष्पक्ष विवेचना होना चाहिए, उसे किसी धर्म, जाति समूह के लिए तोडऩा मोडऩा नहीं करना चाहिए। हालांकि मैं यह भी मानता हूं कि औरंगजेब एक क्रूर शासक था जो कट्टरपंथी मानस का व्यक्ति था जिसने सत्ता कि हवस के लिए अपने पिता शाहजहां को क्रूर यातनायें दीं जिसका उल्लेख शाहजहांनामा में मिलता है। अपने भाइयों को सत्ता से बेदखल करने के लिये इस्लाम विरोधी करार दिया और उनके साथ भी क्रूर व्यवहार किया। उसने छत्रपति शिवाजी के बेटे संभाजी राव की क्रूर तरीके से हत्या की, वह क्षम्य नहीं है और जजिया कर जिसे कुछ विद्वान लोग तर्क देकर यह सिद्ध करने का प्रयास करते हैं कि वह सेना में भर्ती के आधार पर लगाया था, गलत है तथा यह कर भी एक प्रकार का मजहबी कर था कुछ मंदिरों को जमीन दान देने से, कुछ लोगों की मदद करने से क्रूरता कम नहीं होती और उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक विदेशी आक्रामक सल्तनत का वारिस और नवाब था। उसके जीवन में कुछ चीजें मजहबी रूप में थीं जो उचित थी। जैसे यह कहा जाता है कि वह सरकारी खजाने का उपयोग अपने ऊपर नहीं करता था। इससे उसके आक्रामक, कट्टर व हिंसक होने के कामों का बचाव नहीं हो सकता।

दूसरा पक्ष यह है कि औरंगाबाद शहर का नाम जो पहले औरंगजेब के नाम पर था वह अब बदला जा चुका है वह नाम भी अब इतिहास के पटल से ओझल हो रहा है और धीरे-धीरे मिट भी जाएगा। परंतु मजार के हटने से क्या इतिहास की घटनाएं बदल जाएंगी? क्रूरता मिट जाएगी ? जो उसके खाते में दर्ज है हालांकि यह अवश्य होगा कि मजार रहने से उसकी क्रूरता को लोग याद करते और अपने देश से विदेशी आक्रमण से परास्त होने के कारणों की खोज करेंगे। हम विदेशियों का मुकाबला क्यों नहीं कर सके इस पर चर्चा होती, परंतु इन सब चर्चाओं का कारण भी मजार के मिटने से खत्म हो जाएगा। मेरा सोचना है कि औरंगजेब की मजार के सामने एक पत्थर लगाया जाता जिस पर लिखा जाता कि औरंगजेब विदेशी आक्रमणकारी क्रूर शासक था और उसकी क्रूरता का उल्लेख उस पर किया जाता जिसमें शाहजहांनामा का संदर्भ और अनेक घटना के संदर्भ उल्लेख होते तथा यह भी की औरंगजेब सच्चा मुसलमान नहीं था वह केवल जन्मना मुसलमान, सत्ता का भूखा और लालची था। जो व्यक्ति सत्ता की ताकत से क्रूरता करता है उस अर्थ में वह क्रूर था।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने चतुराई का बयान दिया है कि चूंकि पुरातत्व विभाग की सूची में यह मजार दर्ज है अत: हम इसे हटा नहीं सकते और इसका संरक्षण हमारा वैधानिक कर्तव्य है। परंतु शासन किसी भी सूरत में औरंगजेब को महिमा मंडित करने की मंजूरी नहीं देगा। उनके बयान का कोई प्रभाव आमजन में नहीं पड़ा। यहां तक कि जिस नागपुर शहर के वे निवासी हैं वहां भी बड़े पैमाने पर तोडफ़ोड़ हिंसा की घटनाएं हुई जिसे मीडिया के माध्यम से देश के लोगों ने देखा है। अच्छा होता अगर श्री देवेंद्र फडणवीस मुस्लिम उलेमाओं को बुलाकर उनके तथा अन्य बुद्धिजीवियों के साथ तथ्यों के आधार पर यह अपील जारी करते की औरंगजेब जिसने अपने भाइयों को भी नहीं बख्शा, इस्लाम को बदनाम करने वाला शासक था।

उसके प्रति भारतीय होने के नाते कोई भी समाज या व्यक्ति सहानुभूति व्यक्त नहीं कर सकता और हिंदू संगठनों को भी समझाते जो कि उनके परिवार के हैं यह बताते कि जब तक मजार है औरंगजेब की क्रूरता की चर्चा होगी हटने के बाद दब जाएगी।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का बड़ा योगदान

प्रह्लाद सबनानी

भारत में लगभग 60 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 फीसद के आसपास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में गरीबी को समूल नष्ट करना है तो इस क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लागू करने ही होंगे। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

भारत विश्व में सबसे अधिक तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह कठिन है क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा। भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं, परंतु अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा का लाभ देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के लिए प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम किया जा रहा है, एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि खेती में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके।

देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। ये किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण-पोषण कर पा रहे हैं। इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल के लिए केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रति वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है। इससे किसानों को लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में खासी वृद्धि हुई है। परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ पर बेचने में सफल हो रहे हैं। इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है। कृषि उत्पादों की बर्बादी रोकने में सफलता मिल रही है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित करने के प्रयास जारी हैं ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को फसल बेच सके।

कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि सूखे, अधिक वष्रा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी आपदाओं से प्रभावित फसल के नुकसान से किसान को बचाया जा सके। करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। खेती किसानी का काम पूरे वर्ष भर नहीं होता। इसलिए किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से पशुपालन, मधुमक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन आदि कृषि सहायक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।दुनिया के प्रमुख खाद्य पदाथरे यथा गेहूं एवं चावल का भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। कई सूखे मेवों, कृषि आधारित कपड़े, कच्चे माल, जड़ फसलों, दालों, मछली पालन, अंडे, नारियल, गन्ना एवं कई सब्जियों का बड़ा उत्पादक है। पिछले कुछ वर्षो के दौरान भारत 80 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज फसलों (काफी व कपास जैसी नकदी फसलों सहित) के साथ दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया। भारत सबसे तेज विकास दर के साथ पशुधन एवं मुर्गी मांस के क्षेत्र में दुनिया के पांच सबसे बड़े उत्पादक देशों में शामिल हो गया है।




**मेष राशि**- आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा कराएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रण में रखना होगा। किसी के साथ बहसबाज़ी में ना पड़े। आज अपने वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाये रखने के लिए किसी भी तरह की गलतफ़हमी ना पालें।

**वृष राशि**- आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आपको माता-पिता का सहयोग मिलेगा, जिससे आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। कई दिनों से ऑफिस का रुका कार्य पूरा हो जाने से राहत महसूस करेंगे।

**मिथुन राशि**- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे। रुका हुआ काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। शाम तक आपको शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट से उपहार मिलेगा, जिससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। अपने इष्ट देव को प्रणाम करें, आपका दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि**- घरवालों के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ कराएंगे। घर पर किसी पार्टी के आयोजन का प्लान बनाएंगे। आज नवरात्रि के नौवें दिन घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करने का मन बनाएंगे।

**सिंह राशि**- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले दी गई प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। आज आपकी रुचि किसी धार्मिक कार्य रहेगी।

**कन्या राशि**- आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनाएंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी ज़रूर बरतें।

**तुला राशि**- आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आएगी। आपकी खास इच्छा जो काफी समय से अधूरी थी वो आज पूरी होगी।

**वृश्चिक राशि**- अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले मित्रों से सलाह करेंगे। आज पूरे दिन आपका मन पूजा पाठ में लगा रहेगा।

**धनु राशि**- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। आज किसी से वाद विवाद करने से बचे। आज अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत करेंगे।

**मकर राशि**- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी प्रश्न को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। सेहत के लिहाज से आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है।

**कुंभ राशि**-आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपति के रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिहाज़ से भी अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। माता के दर्शन करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मीन राशि**- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम को लेकर की गई मेहनत रंग लाएगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

# वेव्सः रचनात्मक कटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में भारत का नेतृत्व

धर्मेन्द्र तिवारी

रचनात्मकता की सीमा नहीं होती। अनादि काल से, रचनाकारों ने इस दुनिया को विकास की वो दिशा दी है, जिसने हमारा जीवन संवारा है। ऐसे अनेकों महान रचनात्मक विचार थे, जिन्होंने हमें सभी वैश्विक सभ्यताओं में, एक आधुनिक सभ्य समाज के रूप में आकार दिया। हमारे पूर्वजों के रचनात्मक दृष्टिकोण ने न सिर्फ अंधकारमय युग से लेकर अब तक, अपना भविष्य संवारा बल्कि हमारी आज की पीढ़ी का वर्तमान भी। 21वीं सदी में बेबी बूमर्स पीढ़ी से लेकर जेन जी तक, हम जिस प्रगति का लाभ उठा रहे हैं, वो हमारे पूर्वजों की रचनात्मकता ही तो है। आज के इंटरनेट युग में यदि तकनीक से लैस रचनात्मक युवा सोच को कुशल अनुभवी पीढ़ी का दिग्दर्शन मिल जाय तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मानव बेहतर जीवन जी सकेगा। इस लिहाज से, रचनाकारों की पहचान करना, उन्हें समसामयिक अनुभवी विद्वानों का कुशल मार्गदर्शन देना, पारम्परिक समझ साझा करना और रचनाकारों की उत्कृष्ट सामग्री, क्रिएटिव कंटेंट के लिए उन्हें बाजार उपलब्ध कराना, ये हर पीढ़ी के नीति निर्माताओं के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है।

आधुनिक इंटरनेट युग में, दुनिया की रचनात्मक संभावनाओं को युवा सोच के लिए खोलते हुए, भारत सचमुच रचनात्मकता की लहरें पर सवार है। वेव्स (विश्व दृश्य श्राव्य एवं मनोरंजन,

वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट), जो मुंबई में 1 से 4 मई तक हो रही है, में भारत का लक्ष्य है अपनी क्रिएटिव सॉफ़्ट पावर की शक्ति से दुनिया को एकजुट करना, जिससे हम सभी देशों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ा सकें। वहीं, मीडिया और मनोरंजन उद्योग के स्तर पर, नई दिल्ली के हमारे नीति निर्माता लहरें 2025 के माध्यम से रचनाकारों को जोड़ने का भागीरथ कार्य देश की मनोरंजन राजधानी मुंबई में इस आयोजन के रूप में पहली बार कर रहे हैं। वेव्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर के रचनाकारों के लिए एक शानदार अवसर है। इस समिट का व्यापक उद्देश्य है कनेक्टिंग कंट्रीज, कनेक्टिंग क्रिएटर्स।

चाहे वह प्राचीन काल से चला आ रहा योग एवं आयुर्वेद का भारतीय ब्रांड हो या बोलती फिल्मों के अस्तित्व में आने के बाद पिछले 100 वर्षों में बॉलीवुड का मनोरंजक संगीत, हमारे रचयिता या क्रिएटर्स, सभी पीढ़ियों के क्रिएटर्स के लिए ज्ञान को सुलभ कराते हुए दुनिया को आकार दे रहे हैं। इसी प्रकार से, दुनिया भर के क्रिएटर्स के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और सही मायनों में स्वयं का भविष्य संवारने की खुद की रचनात्मक यात्रा में अपना नाम और यश कमाने हेतु वेव्स हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। फिल्में हों, संगीत हो, गेम्स हों, कॉमिक्स हो या फिर शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सेवा को अधिक किफायती बनाने के लिए तकनीकी नवाचार, क्रिएटर्स को मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भविष्य में आकार देने की क्षमता रखने वाले उपकरण विकसित करके सदैव आगे बने रहने का लाभकारी अवसर स्रवेव्स 2025 का मंच प्रदान करता है। उच्च गुणवत्ता की रचनात्मक प्रतिभाओं की पहचान करने की दिशा में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। 32 'क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड' चैलेंज के माध्यम से दुनिया भर से चुने गए करीब 750 शॉर्टलिस्टेड क्रिएटर्स अब मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में अपना जलवा दिखाएंगे। पूरा देश और दुनिया देखेगी, इन क्रिएटर्स के उन कामों को जो सही मायनों में नवाचार हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञों तथा बाजार के पेशेवरों द्वारा जूरी-आधारित चयन की प्रक्रिया के माध्यम से भारत सरकार द्वारा पहचाने गए क्रिएटर्स के बेहतरीन काम मीडिया के सामने आने लगे हैं, जिसमें अभिनव तरीकों का प्रयोग कर हमारे जीवन को बदलने की एक बड़ी क्षमता परिलक्षित होती है।

अगली बार जब आप पर्यटक के तौर पर पोर्ट ब्लेयर स्थित सेलुलर जेल जाएंगे, तो आपको स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से बातचीत करने का बेहतरीन अनुभव प्राप्त होगा। महज एक क्रिएटिव फर्म द्वारा इसे संभव बनाने के लिए अपने एक्सटेंडेड रियलिटी टैलेंट का इस्तेमाल किए जाने की बदौलत ऐसा होगा। वेव्स के वैश्विक मंच से क्रिएटर्स ऐतिहासिक गाथाओं व लोककथाओं का वर्णन करते हुए भारत या विदेश में अन्य ऐतिहासिक स्थलों तक भी खुद की पहुँच कायम करने की इच्छा शक्ति रखते हैं। अपने एक्सटेंडेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी, कौशल का प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ नए युवा बल्कि अनुभवी टेक्नोमेडिया कंपनियाँ दोनों को ही क्रमशः बाज़ार और मनोरंजक व रचनात्मक सामग्री वेव्स के मंच के माध्यम से मिल रही है। मीडिया व मनोरंजन जगत के साथ साथ देश दुनिया की स्ट्रीमिंग तथा प्रसारण जैसी तकनीक आधारित फर्म्स के लिए भी भविष्य के अनोखे क्रिएटर्स की परख मील का पत्थर है।

क्रिएटर्स की एक और टीम ने हमारी ऑनलाइन खरीददारी में वास्तविक दुनिया के वाणिज्य का अहसास देने के लिए वीआर का उपयोग किया है, ताकि आप को मात्र कुछ तस्वीरों से उत्पाद का त्रिविमीय अनुभव कराया जा सके। प्रौद्योगिकी से प्रेरित एक अन्य क्रिएटिव प्रतियोगी कम्पनी ने योगाभ्यास करने वालों की दोषपूर्ण मुद्राओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधान के रूप में एक्सआर का उपयोग करके फिटनेस फ्रीक लोगों की योग मुद्राओं को दुरुस्त करने का एक समाधान, पोज़परफेक्ट, निकाला है। ये क्रिएटिव प्रयास है, जो वास्तविक समय की एक समस्या है का समाधान देकर आपकी हमारी जीवनशैली सुधारता है। उचित सहायता और मार्गदर्शन के साथ युवा रचनात्मकता भारत को वर्ल्ड कॉन्टेंट हब के रूप में स्थापित कर सकती है। हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकती है। साथ ही वेव्स दुनिया भर में रोजगार के अवसरों का सृजन कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड के विजन को वेव्स के माध्यम से साकार किया जा सकता है।भारत के दूरदराज के इलाकों के कोडर भी वेव्स के तहत सीआईसी चैलेंज से लाभान्वित हो रहे हैं। वेव्स के मंच पर अपने कोडिंग कौशल की पहचान की बदौलत कश्मीर के एक 16 वर्षीय लड़के ने खुद का स्टार्टअप बनाने के सपनों को आकार देना शुरू कर दिया है। ये सिर्फ कश्मीर के एक युवा की कहानी नहीं है, बल्कि दुनिया भर में अनेक क्रिएटिव युवा हैं, जो वेव्स के टैलेंट हंट फोरम, क्रिएटोस्फेयर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करके अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कलात्मक सृजन के साथ प्रौद्योगिकी का संगम अपने चरम पर होने के कारण मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में अपनी सॉफ्ट पावर के माध्यम से आने वाले समय में भारत रचनात्मक कंटेंट सृजन की वैश्विक क्रांति में नेतृत्व कर सकता है।हमारी कहानी सुनाने की एक समृद्ध विरासत है जिसमें यदि कोडिंग का कौशल भी मिल जाय तो हम भारतीय अपनी रचना को न केवल पारंपरिक रूप से उत्कृष्ट, बल्कि नैतिक रूप से भी मनोरंजक के साथ शिक्षाप्रद बना सकते हैं।

# पीएम मोदी ने मोटापे को लेकर जताई चिंता, दी सलाह- फिट रहने के लिए इस चीज का इस्तेमाल कम करने को कहा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर देशवासियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मोटापे से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत फिटनेस को प्राथमिकता देना भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में अहम योगदान करेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर, आइए हम एक स्वस्थ दुनिया बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करें। हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देती रहेगी और लोगों की भलाई के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करती रहेगी। अच्छा स्वास्थ्य किसी भी समृद्ध समाज की नींव है। एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने सदियों पुरानी कहावत, स्वास्थ्य ही परम सौभाग्य और परम धन है को याद दिलाया और भारत में बढ़ते मोटापे के संकट पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, आजकल हमारी जीवनशैली हमारे स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2050 तक 44 करोड़ से ज्यादा भारतीय मोटापे से ग्रसित होंगे। यह चिंता की बात है, यह कितना बड़ा संकट बन



सकता है। अपने संदेश में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि स्वस्थ खाने की आदतें अपनाना, जैसे कि तेल का कम उपयोग, सिर्फ व्यक्तिगत फैसला नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समस्या को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की और एक सरल सुझाव दिया- मैं आज आपसे एक वादा लेना चाहता हूं कि हम सभी अपने खाना पकाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करें। यह मोटापे को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने लोगों को अपनी दिनचर्या में नियमित शारीरिक गतिविधि जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हमें व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। अगर हम खुद को फिट रखते हैं, तो यह विकसित भारत की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रधानमंत्री हमेशा मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए आगे रहे हैं।अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के एक एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक खेल क्षेत्र में भारत की प्रगति की सराहना की थी और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया था। अपने संबोधन में उन्होंने एक चिंताजनक स्वास्थ्य प्रवृत्ति का जिक्र किया था, जिसमें डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के आधार पर भारत में मोटापे के बढ़ते मामलों की बात की थी।

उन्होंने कहा था, भारत में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से प्रभावित है।

## जयपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी, एक साल से फरार धोखेबाज़ आरोपी दबोचा

जयपुर (आरएनएस)। पूर्वी जयपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना जवाहर नगर की टीम ने एक साल से फरार चल रहे ठगी के आरोपी फरहत हुसैन को धर दबोचा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी फरहत हुसैन के खिलाफ 21 फरवरी 2024 को धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया था।शिकायतकर्ता देवेंद्र मेहंदीरात्ता ने बताया था कि फरहत हुसैन ने खुद को हाउसिंग बोर्ड से जुड़ा बताकर उसके बेटे हर्षित मेहंदीरात्ता से फ्लैट बुकिंग के नाम पर 1.52 लाख से ज़्यादा की रकम ठग ली। आरोपी ने चेक जमा कराने की फर्जी रसीद भेजी, लेकिन चेक बाउंस हो गया। इसके बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा और फरार हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम, सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार और थानाधिकारी महेश गुर्जर के निर्देशन में एक विशेष टीम बनाई गई। इस टीम ने लगातार निगरानी और सादी वर्दी में चालाकी से काम लेते हुए फरहत हुसैन को पकड़ने में सफलता हासिल की।जानकारी के मुताबिक, आरोपी फरहत हुसैन वारदात के बाद गुजरात भाग गया था और वहीं छिपा बैठा था। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है और ठगी की रकम की रिकवरी की कोशिश की जा रही है।पुलिस की इस कार्रवाई से ऐसे कई पीड़ितों को राहत की उम्मीद जगी है, जो ऑनलाइन या प्रॉपर्टी से जुड़ी धोखाधड़ी के शिकार हो चुके हैं।

## किसान नेता डल्लेवाल का आमरण अनशन 131 दिन बाद खत्म, महापंचायत में किया ऐलान

लुधियाना (आरएनएस)। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया है। उन्होंने रविवार को फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में आयोजित एक किसान महापंचायत के दौरान इसकी घोषणा की। यह घोषणा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक दिन पहले डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील के बाद आई है, जिसमें उन्होंने 4 मई को चंडीगढ़ में किसानों के साथ बैठक करने का प्रस्ताव रखा था।

महापंचायत को संबोधित करते हुए डल्लेवाल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए आंदोलन को समाप्त कराया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की मांगों पर और लंबे समय से किसानों द्वारा किए जा रहे अनुरोध के बाद उन्होंने अपना आमरण अनशन तोड़ा है।बता दें कि डल्लेवाल ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित विभिन्न मांगों को लेकर 26 नवंबर, 2024 को अपना अनशन शुरू किया था।

## सरकार का बड़ा फैसला, सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलों पर लगाया बैन

शिमला ,(आरएनएस)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हिमाचल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलें नहीं मिलेगी। 1 जून, 2025 से प्रदेश में 500 मिलीलीटर से कम की सिंगल यूज प्लास्टिक पानी की बोतलों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। उपयोगकर्ताओं को कांच की बोतल या अन्य विकल्प अपनाने की सलाह दी है। पहली जून की समयसीमा इसलिए तय की गई है, ताकि बाजार में पहले से मौजूद स्टॉक को खत्म किया जा सके और व्यवसायियों को नुकसान न हो। सभी सरकारी संगठन मुख्य रूप से पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग, पर्यटन विभाग, शिक्षा विभाग, शहरी विकास विभाग और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सार्वजनिक स्थान में प्लास्टिक की छोटी पानी की बोतलों के उपयोग को रोकने के लिए जागरूकता गतिविधियां चलाएंगे। पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग तथा हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लास्टिक की पानी बोतलों की रिसाइकिल को और बेहतर बनाने के लिए प्रभावी उपाय करेंगे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिस्बन में पुर्तगाल के महान कवि लुइस वाज़ डे कैमेस की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## उत्तराखंड में भूकंप से पहले चेतावनी देगा भूदेव ऐप

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड में अब भूकंप आने से पहले लोगों को चेतावनी मिल सकेगी। इसके लिए उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भूदेव ऐप लॉन्च किया है। दावा है कि ये ऐप 5 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप से पहले ही अलर्ट जारी कर देगा।


यह जानकारी राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड, जो भूकंप के जोन-04 और जोन-05 में आता है, वहां इस तरह की अर्ली वार्निंग सिस्टम की सख्त जरूरत थी। इसे मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि यह सिस्टम उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) और आईआईटी रुड़की ने मिलकर विकसित किया है। यह देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां भूकंप की अग्रिम चेतावनी देने वाला सिस्टम शुरू किया गया है। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की थी। भूदेव ऐप को लोग अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। जैसे ही 5 या उससे अधिक तीव्रता का भूकंप आएगा, ऐप के जरिए अलर्ट मैसेज भेजा जाएगा। इससे लोग पहले से सतर्क होकर अपनी जान और माल की रक्षा कर सकेंगे।उनके मुताबिक, इस सिस्टम को और प्रभावी बनाने के लिए राज्य भर में सेंसर और सायरन की संख्या बढ़ाई जा रही है। अभी तक प्रदेश में 177 सेंसर और 192 सायरन लगाए गए हैं। इसके अलावा, 500 नए सेंसर और 1000 अतिरिक्त सायरन लगाने का काम तेजी से चल रहा है।सुमन ने बताया कि जितनी मजबूत यह चेतावनी प्रणाली होगी, उतनी ही बेहतर तरीके से भूकंप जैसी आपदाओं का मुकाबला किया जा सकेगा। सेंसर भूकंप के झटकों को पहले ही पकड़ लेंगे और सायरन के जरिए लोगों को सावधान किया जाएगा।सचिव ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के साथ मिलकर सभी जिला मुख्यालयों और प्रमुख शहरों में भूकंप से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इससे लोगों को यह समझने में मदद मिलेगी कि आपदा के समय क्या करना चाहिए।

## गले में पट्टा, घुटनों के बल चलवाया, टारगेट पूरा न होने पर कंपनी ने कर्मचारियों के साथ किया जानवरों जैसा व्यवहार

कोच्चि (आरएनएस)। केरल की एक विपणन फर्म पर कर्मचारियों के साथ अपमानजनक व्यवहार का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल 12 सेकंड के वीडियो में एक कर्मचारी को गले में पट्टा पहनाकर घुटनों और हाथों के बल चलते हुए दिखाया गया है। इसके बाद उसे थाली में रखे सिक्के को चाटने के लिए मजबूर किया जाता है। आरोप है कि यह सजा उन कर्मचारियों को दी गई जो अपने टारगेट पूरे नहीं कर सके।वीडियो सामने आने के बाद केरल सरकार ने मामले में सख्त रुख अपनाया है। श्रम मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने घटना को चौंकाने वाला और विचलित करने वाला बताया और जिला श्रम अधिकारी को तत्काल जांच कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि केरल जैसे राज्य में ऐसी घटनाएं किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएंगी।घटना पेरुम्बवूर में स्थित एक फर्म में हुई बताई जा रही है, जबकि यह कलूर की एक विपणन कंपनी से जुड़ी है। पुलिस के अनुसार अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन जांच जारी है। इधर, राज्य मानवाधिकार आयोग और केरल राज्य युवा आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है।

## चंद्रयान-4 मिशन : 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय की होगी स्वदेशी लैंडिंग, ISRO ने किया डाकिंग प्रयोग सफल



मुजफ्फरपुर (आरएनएस)। इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक और चंद्रयान-2 तथा चंद्रयान-3 के ऑपरेशन डायरेक्टर अमिताभ कुमार ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2040 तक एक भारतीय नागरिक को स्वदेशी अंतरिक्ष यान के माध्यम से चंद्रमा की सतह पर उतारा जाए। इस महत्वाकांक्षी मिशन को चंद्रयान-4 नाम दिया गया है, जिसे सैंपल रिटर्निंग मिशन भी कहा जा रहा है।

चंद्रयान-4 मिशन के तहत चंद्रमा की सतह से मिट्टी के नमूने एकत्र कर उन्हें धरती पर लाया जाएगा। यह प्रक्रिया भविष्य में मनुष्य को चंद्रमा पर भेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभी तक इसरो चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग कर चुका है, लेकिन वहां से वापसी का प्रयोग अब किया जाना बाकी है। इसरो ने हाल ही में डाकिंग और अनडाकिंग की तकनीक पर कार्य किया है। यह प्रयोग पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। अगले चरण में इसे चंद्रमा की कक्षा में भी परीक्षित किया जाएगा। यह इस साल इसरो की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

1200 करोड़ रुपये का बजट

चंद्रयान-4 मिशन पर कार्य जारी है, और इसे 2027-28 तक पूरा करने की योजना है। इस मिशन के लिए लगभग 1200 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। अमिताभ कुमार ने बताया कि चंद्रयान मिशन सिर्फ भारत के लिए गर्व का विषय नहीं है, बल्कि इससे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कई नई जानकारियाँ प्राप्त हुई हैं। चंद्रमा की सतह पर सिर्फ 10-15 सेंटीमीटर नीचे जाते ही तापमान में तेज गिरावट होती है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सतह के नीचे बर्फ या तापमान को नियंत्रित करने वाली कोई वस्तु मौजूद है।

### जया बच्चन फिर विवादों में : पहले झटका हाथ, फिर सुनाई खरी-खोटी! बुजुर्ग महिला के साथ दुर्व्यवहार का वीडियो वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिग्गज अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार अपने व्यवहार को लेकर। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित तौर पर गलत तरीके से पेश आते हुए देखा जा सकता है। यह घटना अनुभवी अभिनेता मनोज कुमार की प्रेयर मीट के दौरान हुई।जानकारी के अनुसार, जया बच्चन मनोज कुमार की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंची थीं। इसी दौरान, एक बुजुर्ग महिला ने उनसे तस्वीर खिंचवाने के लिए पीछे से उनके कंधे पर हाथ रखा। वीडियो में दिख रहा है कि महिला के इस भाव से जया बच्चन चौंक गईं और उन्होंने पलटकर महिला का हाथ झटक दिया।वायरल वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि जब महिला के पति इस पूरे घटनाक्रम को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे, तो जया बच्चन उनसे नाराज हो गईं और उन्हें कुछ कहती हुई दिखाई दीं। इसके बाद, बुजुर्ग महिला और उनके पति ने जया बच्चन से माफी मांगी और वहां से चले गए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को 75 दिन बाकी, ओडिशा में खास आयोजन के साथ काउंट डाउन शुरू

भुवनेश्वर (आरएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर देश दुनिया में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। ऐसा ही कुछ 7 अप्रैल को ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित किया गया। यहां योग महोत्सव-2025 का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद संबित पात्रा ने कहा, ओडिशा से आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की काउंट डाउन शुरू हुई है।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव, भाजपा सांसद संबित पात्रा, ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रावती परिदा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा, आज ओडिशा से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की काउंट डाउन शुरू हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है। 2014 में



प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में योग को भारत की सॉफ्ट पावर के रूप में प्रस्तुत किया, जिसके बाद से यह पूरे विश्व में लोकप्रिय हो रहा है। ओडिशा के लोगों से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की मैं अपील करता हूं।

केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने योग महोत्सव-2025 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, इस साल हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग महोत्सव-2025 के अंतर्गत भुवनेश्वर में दूसरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अब तीसरा कार्यक्रम महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित किया जाएगा। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है और हम सभी से इसके नियमित अभ्यास करने की अपील करते हैं। ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रावती परिदा ने योग महोत्सव की मेजबानी पर गर्व जताया। उन्होंने कहा, ओडिशा का शांत और प्राकृतिक माहौल योग के लिए बेहद अनुकूल है। राज्य के गांवों में लोग योग समितियों के साथ जुड़कर नियमित रूप से इसका अभ्यास कर रहे हैं। मैं ओडिशा के सभी लोगों से अपील करती हूं कि वे योग को अपनाएं और स्वस्थ जीवन जिएं।इस आयोजन में योग प्रदर्शन, ध्यान सत्र और स्वास्थ्य कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। योग महोत्सव-2025 न केवल ओडिशा बल्कि पूरे देश में योग के प्रति उत्साह को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुंबई के दक्षिण क्षेत्र साइबर पुलिस स्टेशन में निर्भया साइबर लैब के उद्घाटन के दौरान.

# दिल्ली में सनकी आशिक की करतूत से सनसनी, पहले लड़की का गला काटा, फिर...

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली कैंट के किवरी पैलेस मैन रोड पर रविवार रात एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। एक सिरफिरे युवक ने चाकू से एक युवती पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद उसने खुद को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, उन्हें रात करीब 11 बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें राहगीरों ने एक युवती और एक युवक को खून से लथपथ हालत में पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि फुटपाथ पर खून फैला हुआ था। युवती के गले और शरीर के अन्य हिस्सों से खून बह रहा था, जिसे राहगीरों ने कपड़े से बांधने की कोशिश की थी। पास ही में एक युवक भी गंभीर रूप से घायल पड़ा था, जिसने कथित तौर पर युवती पर हमला करने के बाद खुद को भी चाकू मार लिया था। घटनास्थल पर खून से सना चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से मौके से अन्य सबूत भी जुटाए हैं।

पुलिस सूत्रों ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि यह घटना प्रेम प्रसंग से जुड़ी हुई प्रतीत होती है। जांच में सामने आया है कि आरोपी और पीड़िता के बीच कुछ समय से विवाद चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक चीखता-चिल्लाता हुआ युवती के पास पहुंचा और बिना किसी चेतावनी के उस पर चाकू से हमला कर दिया। युवती के गले पर वार होते ही वह जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद युवक ने खुद के सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी कई बार चाकू से वार कर खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया।पुलिस ने दोनों के पास से मिले मोबाइल फोन के जरिए उनके परिवारों को सूचित कर दिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयानों के आधार पर मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है।

## अमृतसर : तस्करी और आतंकवादी नेटवर्क पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जर्मन सिंह गिरफ्तार

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब के अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार तस्करी और आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जर्मन सिंह नाम के एक शख्स को हथियारों और नकली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति भंग करने की साजिश को नाकाम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।

पुलिस ने जर्मन सिंह के पास से एक ग्लॉक 9एमएम पिस्तौल, एक .30 कैलिबर पिस्तौल, तीन मैगजीन और 2 लाख 15 हजार 500 रुपये की नकली भारतीय मुद्रा जब्त की है। यह खेप इतनी खतरनाक थी कि इसके जरिए इलाके में अशांति फैलाने की योजना बनाई जा रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह सामान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भेजा था। इसका मकसद आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देना और पंजाब में अस्थिरता पैदा करना था।

अमृतसर के घरिंडा पुलिस स्टेशन में इस मामले को लेकर प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। पुलिस ने जर्मन सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह गिरफ्तारी आतंकवादी नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में पहला कदम है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि जर्मन सिंह के तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं और इस खेप को सीमा पार से कैसे और किन रास्तों से लाया गया। पंजाब पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि वह आतंकवादी मॉड्यूल को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हमारी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस तरह की साजिशों को नाकाम करने के लिए हम दिन-रात काम कर रहे हैं। जर्मन सिंह से पूछताछ जारी है और जल्द ही इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी।इस गिरफ्तारी के बाद अमृतसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। सीमा से सटे होने के कारण पंजाब में तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों का खतरा हमेशा बना रहता है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

# फ्लोरल ड्रेस में भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने ढाया कहर, कातिल अदाओं पर फिदा हुए फैंस



भोजपुरी इंडस्ट्री की ग्लैमरस क्वीन मोनालिसा इन दिनों छुट्टियां मना रही हैं और सोशल मीडिया पर अपनी दिलकश तस्वीरों से फैन्स का दिल जीत रही हैं. हाल ही में मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह फ्लोरल प्रिंट की स्लीवलेस ड्रेस में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में मोनालिसा का अंदाज़ बेहद बोल्ड और ग्लैमरस दिखाई दे रहा है. पिंक और व्हाइट फ्लोरल ड्रेस में मोनालिसा बेंच पर लेटी हुई पोज देती नजर आईं. उनका कॉन्फिडेंस और कैमरे के लिए सहजता फैंस को दीवाना बना रही है. मोनालिसा ने अपने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, उन पलों को कैद करें जो आपके दिलों को मुस्कुराहट दे और उनकी यह स्माइल वाकई फैंस के चेहरे पर मुस्कान ला रही है. फैंस कमेंट सेक्शन में लगातार हार्ट और फायर इमोजी के जरिए अपने प्यार का इज़हार कर रहे हैं. किसी ने उन्हें गॉर्जियस कहा तो किसी ने उनकी अदा को किलर बताया. बताते चलें कि मोनालिसा न सिर्फ भोजपुरी बल्कि टीवी इंडस्ट्री में भी एक जाना-पहचाना नाम हैं. अपने फैशन और स्टाइल सेंस से वह हमेशा सुर्खियों में रहती हैं.

### ट्रेलर से पहले मेकर्स ने जारी किया ग्राउंड जीरो का नया पोस्टर, दुश्मन से भिड़ेंगे इमरान हाशमी

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आतंकवाद पर आधारित इस फिल्म में इमरान हाशमी एक बीएसएफ कमांडर के किरादर में नजर आएंगे। फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह है और मेकर्स इस उत्साह को लगातार नए अपडेट देकर बनाए हुए हैं। अब फिल्म के ट्रेलर से पहले मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक और पोस्टर जारी किया है।

फिल्म के मेकर्स ने ट्रेलर से एक दिन पहले फिल्म से जुड़ा एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में इमरान हाशमी बीएसएफ की वर्दी में नजर आए हैं। जबकि दूसरी ओर एक आतंकवादी छिपा है जो अपने चेहरे को ढके हुए है। इमरान हाशमी और आतंकवादी दोनों के ही हाथ में बंदूक है। जो बीएसएफ और आतंकवादी के बीच की जंग को दर्शाता है। पोस्टर में बीएसएफ के कुछ और जवान भी हाथों में बंदूक लिए नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को साझा करते हुए फिल्म के मेकर्स एक्सल मूवीज की ओर से कैप्शन में लिखा गया, परछाई में एक चेहरा छिपाए दुश्मन, पीछा करता एक सैनिक। ग्राउंड जीरो का ट्रेलर कल आएगा।मेकर्स के मुताबिक, ग्राउंड जीरो सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म है। इसमें इमरान हाशमी बीएसएफ कमांडेट नरेंद्र नाथ धर दुबे की भूमिका में नजर आएंगे।

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया



बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे।

तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया (तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया! सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए।

अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था।

इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें वह काले और सफेद धारीदार नाइट सूट में मस्ती करती नजर आ रही थीं। इस स्टनर ने 80 के दशक के सिंथ-पॉप ट्रैक पर शानदार लिप-सिंक किया।

उनकी पोस्ट का शीर्षक था, अपने पुराने दोस्तों के साथ अपने पीजे में बैठकर 80 के दशक के अपने पसंदीदा गाने बजाने जैसा कुछ नहीं... बहुत ही आनंददायक!!!! (यदि आप इंट्रो पर लिप सिंक नहीं करते हैं तो हम दोस्त नहीं बन सकते!!!)

अपने काम के बारे में बात करते हुए, तारा हाल ही में ईशान खट्टर के साथ रोमांटिक ट्रैक प्यार आता है में नजर आईं।

स्नेहा शेट्टी कोहली द्वारा निर्देशित, इस मधुर गीत को श्रेया घोषाल ने रीतो रीबा के साथ मिलकर आवाज दी है।

प्यार आता है की शूटिंग कश्मीर के पहलगाम में माइनस 10 डिग्री तापमान में की गई थी।

## सनी देओल की फिल्म जाट का दूसरा गाना रिलीज, रग-रग में जोश भर देगा ओ रामा श्रीरामा



गदर-2 के बाद सिनेमाई परदे पर जाट के जरिये नजर आने वाले सनी देओल की फिल्म के निर्माताओं ने रामनवमी के शुभ अवसर पर फिल्म का दूसरा गीत ओ रामा श्रीरामा जारी किया है। राम भक्ति से सराबोर इस गीत को सुनने व देखने के बाद बरबस ही श्रोता के मुख से जयश्रीराम का उद्घोष होता है। यही उद्घोष फिल्म की सफलता का संकेत देता है।सनी देओल को बॉलीवुड में 45 साल हो गए हैं। दर्शकों के बीच आज भी उनका क्रेज ज्यों का त्यों बना हुआ है। खास तौर से साल 2023 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई देशभक्ति के रंग में रंगी उनकी फिल्म 'गदर 2' से एक बार फिर उनका जादू चल गया। इसमें दर्शकों को सनी का तूफानी अंदाज बहुत पसंद आया, जिसके लिए वे मशहूर हैं। इस फिल्म के बाद से ही लोग उनकी अगली फिल्म के लिए बेकरार नजर आ रहे हैं। सनी फिलहाल 'जाट' फिल्म को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं।हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें सनी फुल एक्शन अवतार में दिखे। फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। इससे पहले मेकर्स ने रामनवमी के खास मौके पर फिल्म का दूसरा गाना 'ओ रामा श्रीरामा' रिलीज कर दिया। भगवान श्रीराम की स्तुति में बना यह गाना सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## राम चरण का फैंस को तोहफा, पेड्डी से सामने आई खूंखार झलक, रिलीज डेट आउट

पेड्डी राम चरण की नई फिल्म है जिसका निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं. श्री राम नवमी के अवसर पर मेकर्स ने इसकी झलक शेयर की है जो बेहतरीन लग रही है.राम चरण एक अलग और खूंखार अवतार में वापस आ गए हैं और एक ग्रामीण लड़के की भूमिका निभा रहे हैं जो हर एक मौके का अच्छे से फायदा उठाना जानता है.



जिस तरह से निर्देशक बुची बाबू सना ने राम चरण को दिखाया है वह वाकई सरप्राइजिंग है क्योंकि इस फिल्म में आरआरआर स्टार का मेकओवर एकदम अलग लग रहा है. लंबे बाल और नाक की अंगूठी पहने हुए, राम चरण का किरदार थोड़ा इंटेंस और खतरनाक लग रहा है. इस टीजर का खास पहलू एआर रहमान का शानदार बैकग्राउंड स्कोर है. जिस तरह से उन्होंने एक दमदार कोरस और धमाकेदार क्लनरू के साथ राम चरण के स्क्रीन प्रेजेंस को बढ़ाया है, वह फिल्म का सबसे अच्छा हिस्सा है.फर्स्ट शॉट झलक के साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट की घोषणा भी कर दी है. पेड्डी 27 मार्च, 2026 को पूरे भारत में स्क्रीन पर आएगी. यह पहली बार है जब राम चरण ने इतनी बड़ी भूमिका निभाई है और उन्होंने इसे दर्शकों के सामने शानदार तरीके से निभाया है. आखिरी शॉट जिसमें वह क्रिकेट स्ट्रोक खेलते हैं, वह बेहद स्टाइलिश लग रहा है और सिनेमाघरों में सीटी बजाने लायक सीन होगा.इस टीजर में अन्य कलाकारों को नहीं दिखाया गया है और इसमें स्पेशली राम चरण के किरदार को ही हाइलाइट किया गया है. राम चरण एक खास विजाग स्लैंग बोलते हैं

## फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 का दूसरा पोस्टर रिलीज, कपिल शर्मा संग दिखी रहस्यमयी दुल्हन

कपिल शर्मा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का पहला पोस्टर भी रिलीज हो चुका है। निर्माताओं ने इससे पहले ईद के मौके पर फिल्म का पोस्टर जारी किया था। वहीं, अब राम नवमी के शुभ अवसर पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है।




किस किसको प्यार करूं 2 के निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, आप सभी को श्री राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पोस्टर में कपिल शर्मा एक दूल्हा बने एक रहस्यमयी महिला के साथ हाथ जोड़े पोज दे रहे हैं। यह शादी का सेटअप हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार है।

इससे पहले जारी हुए पोस्टर में कपिल एक निकाह समारोह के सेटअप में रहस्यमयी महिला के साथ पोज देते दिखे थे। इन पोस्टरों के देख यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इस फिल्म में भी कपिल की कई पत्नियां होंगी, जिनमें से एक हिंदू और एक मुस्लिम धर्म की होगी। अब देखना यह होगा कि इस फिल्म में कपिल कितनी बार दूल्हा बनते हैं।कपिल शर्मा और मनजोत सिंह अभिनीत किस किसको प्यार करूं 2 में कॉमेडी, भ्रम और तमाशा का ड्रामा देखने को मिलेगा। पहली फिल्म को भी दर्शकों का काफी प्यार मिला था। अनुकल्प गोस्वामी द्वारा निर्देशित किस किसको प्यार करूं 2 का निर्माण रतन जैन, गणेश जैन और अब्बास-मस्तान द्वारा वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट के तहत अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन के सहयोग से किया गया है।

# दिल को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कुछ देर करें मत्स्यासन, जानें फायदे और सही तरीका



मत्स्यासन एक लोकप्रिय योगासन है, जो शरीर के लचीलापन और ताकत को बढ़ाता है। इस योग अभ्यास के जरिए दिल के स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचता है।इस आसन को करने से हृदय में होने वाले रक्त प्रवाह में सुधार होता है और तनाव कम हो जाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मत्स्यासन को करने का सही तरीका क्या है।

साथ ही, हम समझेंगे कि इसके अभ्यास से दिल को स्वस्थ रखने में कैसे मदद मिलती है।

### मत्स्यासन करने का सही तरीका

इस आसान को करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को थोड़ा फैलाकर रखें। इसके बाद अपने हाथों को कमर के पीछे जोड़ लें। अब सांस लेते हुए अपने सीने को ऊपर उठाने की कोशिश करें और सिर को पीछे की ओर झुकाएं, ताकि सिर जमीन पर लगे। इस अवस्था में कुछ मिनट तक बने रहें और धीरे-धीरे वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### जानिए यह दिल को कैसे पहुंचाता है फायदा

मत्स्यासन का अभ्यास करने से रक्त प्रवाह को बढ़ाने और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। जब हम इस आसन को करते हैं तो हमारा सीना हल्का फैलता है, जिससे रक्त की गति बेहतर होती है। इससे हृदय की कार्यक्षमता बढ़ती है और यह अधिक प्रभावी ढंग से काम करता है। इसके अलावा, यह आसन तनाव को कम करता है, जो हृदय रोग के खतरे को घटाने में मदद कर सकता है।

### नियमित अभ्यास से मिलेंगे ये फायदे

कोई भी योगासन तभी असरदार होता है, जब उसका नियमित अभ्यास किया जाए। मत्स्यासन के लाभ हासिल करने के लिए इसे रोजाना करने का प्रयास करें।

इससे न केवल हृदय स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक स्थिति भी बेहतर होती है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में लचीलापन आता है और लोग अधिक ऊर्जावान महसूस करने लगते हैं। इसके अलावा, यह आसन आपकी पाचन क्रिया को भी सुधारता है, जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार होता है।

### मत्स्यासन करते समय बरतें ये सावधानियां

मत्स्यासन करते समय कुछ सावधानियां बरतना जरूरी है, ताकि चोट से बचा जा सके। अगर आपकी पीठ या गर्दन में दर्द है तो इस आसन को न करें।

गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, अगर किसी को उच्च रक्तचाप या हृदय रोग हो तो डॉक्टर की सलाह लेकर ही इसे करें।

इसे करते समय जल्दबाजी न करें, वार्ना आप चोटिल हो जाएंगे और आपके पैर या हाथ में मोच आ जाएगी।

## बालों को गहराई से हाइड्रेट करने में सहायक होता है आंवला का तेल, ऐसे करें इस्तेमाल

आंवला का तेल एक प्राकृतिक तेल है, जो खोपड़ी यानि सिर की त्वचा को नमी प्रदान कर सकता है। यह तेल विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो बालों की जड़ों को मजबूत करते हैं और सिर को नमी प्रदान करते हैं।इसके नियमित उपयोग से बालों की देखभाल में मदद मिलती है और उनकी गुणवत्ता में सुधार होता है। आप इन 5 तरीकों इस तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं और बालों को स्वस्थ बना सकते हैं।

### गर्म करके उपयोग करें



आंवले के तेल को हल्का गर्म करके खोपड़ी पर लगाएं। इससे खून का बहाव बढ़ता है और पोषक तत्व त्वचा तक जल्दी पहुंचते हैं। इसे लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें, जिससे तेल अच्छे से बालों में अवशोषित हो जाएगा। 30 मिनट तक छोड़ने के बाद बालों को शैंपू से धो लें। यह प्रक्रिया हफ्ते में 2 बार दोहराएं, ताकि आपके बाल मुलायम और चमकदार बने रहें। आंवले का तेल बालों को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखेगा।

### रातभर लगाकर रखें

अगर आप आंवले के तेल को रातभर बालों में लगाए रहेंगे तो आपको ज्यादा फायदा मिलेगा। सोने से पहले आपने सिर पर इस तेल की मालिश करें और बालों को ढीला बांधकर सो जाएं।सुबह उठकर शैंपू और कंडीशनर लगाकर बाल धो लें। इससे बाल और सिर की त्वचा में नमी बनी रहेगी और उनकी गुणवत्ता में भी सुधार होगा।नियमित उपयोग से आपके बालों का झड़ना भी कम हो जाएगा और वे लंबे भी हो जाएंगे।

### हल्के हाथों से मालिश करें

आंवले का तेल लगाते समय हल्के हाथों से ही मालिश करें, ताकि खून का बहाव बेहतर हो सके। ऐसा करने से न केवल खोपड़ी को पोषण मिलता है, बल्कि तनाव भी कम होता है।मालिश करते समय ध्यान रखें कि तेल हर हिस्से तक पहुंचे और जड़ों में भी अच्छी तरह प्रवेश कर जाए। यह प्रक्रिया बालों की जड़ों को मजबूत बनाती है और उन्हें प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखती है।

### हफ्ते में 2 बार इस्तेमाल करें

हफ्ते में कम से कम 2 बार आंवले का तेल इस्तेमाल करें। इसके नियमित इस्तेमाल से ही आपको इसके सभी फायदे मिल सकेंगे।ऐसा करने से आपके बाल नमी से भरपूर रहेंगे और उनकी गुणवत्ता में भी सुधार हो सकेगा। नियमित उपयोग से बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है और वे स्वस्थ दिखाई देते हैं। इसके अलावा, इस तेल को लगाने से बालों का टूटना, उलझना और रूखा होना भी कम हो जाता है।

## गाजा में कहर बनकर टूटा इजरायल, बमबारी में 32 लोगों की गई जान; हमास ने भी किया जवाबी हमला

येरूशलम (ए)। गाजा पट्टी एक बार फिर हिंसा की चपेट में आ गई है। इजरायल द्वारा किए गए ताजा हवाई और जमीनी हमलों में कम से कम 32 लोगों की जान चली गई है। मृतकों में एक दर्जन से अधिक महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करने वाले हैं।



नेतन्याहू ने कहा है कि वह ट्रम्प के साथ इजरायल पर लगाए गए 17 प्रतिशत नए शुल्क और गाजा में जारी युद्ध को लेकर बातचीत करेंगे। इस बीच, इजरायली रक्षा मंत्री ने बयान दिया कि इजरायल अब गाजा के कुछ बड़े इलाकों पर कब्जा करके उन्हें सुरक्षा क्षेत्र में तब्दील करेगा। इजरायल ने हाल ही में हमास के साथ युद्धविराम तोड़ दिया था और गाजा में एक नए सुरक्षा गलियारे के तहत सैनिकों की तैनाती शुरू कर दी थी। इसके जवाब में हमास ने भी इजरायल के दक्षिणी शहरों पर रॉकेट दागे। हालांकि, अधिकांश रॉकेट इजरायल के डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिए।इजरायली टीवी चैनल 12 के अनुसार, अश्कलोन शहर में एक रॉकेट हमले के चलते कम से कम 12 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। हमास ने इन हमलों को गाजा में हो रहे इजरायली नरसंहारों के जवाब में अंजाम दिया बताया है। रविवार की रात हुए इजरायली हमलों में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र में एक घर और एक तंबू को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए।

# ट्रंप टैरिफ वार.. अमेरिका की दादागिरी पर भड़का ड्रैगन, बोला- ये सही नहीं



नई दिल्ली(ए)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कई देशों पर टैरिफ लगाए जाने के बाद दुनियाभर की स्टोक मार्किट में हाहाकार मचा हुआ है। अमेरिका के 2 अप्रैल को दुनिया के देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा के साथ ही ही चीन के आयातित सामान पर भारी-भरकम टैरिफ लगाया था। अब चीन भी ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जवाब दे रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि धमकी और दबाव से चीन से निपटने का सही तरीका नहीं है। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ये टैरिफ 'विशिष्ट एकतरफावाद और संरक्षणवाद, तथा आर्थिक धौंस' हैं, उन्होंने आगे कहा कि पारस्परिकता के नाम पर अमेरिकी टैरिफ अन्य देशों की कीमत पर केवल अपने हितों की पूर्ति करते हैं। पिछले हफ्ते ट्रंप ने ज़्यादातर अमेरिकी व्यापार साझेदारों पर लगाए गए भारी शुल्कों के हिस्से के रूप में चीनी सामानों पर अतिरिक्त 34 फीसदी टैरिफ़ लगाया, जिससे इस साल चीन पर कुल शुल्क 54त्न हो गया। चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कई अहम कदम उठाए। लिन ने इस सवाल को टाल दिया कि क्या चीन संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत में शामिल होगा? अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंट शनिवार से कई देशों से सभी आयातों पर ट्रंप के एकतरफा 10 प्रतिशत टैरिफ इकट्ठा कर रहे हैं। लिन ने कहा,'अमेरिका द्वारा टैरिफ का दुरुपयोग, देशों को, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों को, उनके विकास के अधिकार से वंचित करने के समान है।' उन्होंने प्रत्येक देश में अमीर और गरीब के बीच बढ़ते अंतर तथा कम विकसित देशों पर अधिक प्रभाव पड़ने का हवाला दिया।

## सऊदी अरब का बड़ा कदम, भारत-पाकिस्तान समेत 14 देशों के नागरिकों पर लगाई पाबंदी

नई दिल्ली (ए)। सऊदी अरब सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए भारत और पाकिस्तान सहित 14 देशों के नागरिकों के लिए कुछ खास तरह के वीज़ा जारी करने पर अस्थायी रूप से पाबंदी लगा दी है। सऊदी विदेश मंत्रालय द्वारा लगाई गई इस रोक के तहत उमराह, बिजनेस और फैमिली वीज़ा शामिल हैं। यह पाबंदी फिलहाल जून मध्य तक लागू रहने की उम्मीद है। जिन 14 देशों पर यह वीज़ा प्रतिबंध लागू किया गया है, उनमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया और यमन शामिल हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि जिन लोगों के पास पहले से उमराह वीज़ा है, वे 13 अप्रैल 2025 तक सऊदी अरब में प्रवेश कर सकते हैं।इस अस्थायी रोक के पीछे मुख्य वजह हज के दौरान अवैध रूप से शामिल होने की कोशिशों और वीज़ा नियमों के उल्लंघन को रोकना बताया गया है। सऊदी अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में कई लोग मल्टीपल एंट्री वीज़ा या अन्य वीज़ा पर उमराह या दूसरे मकसद से आते थे, लेकिन हज सीजन के दौरान अवैध रूप से रुककर बिना अनुमति हज में शामिल हो जाते थे, जिससे भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां पैदा होती थीं। इसके अतिरिक्त, कुछ लोग बिजनेस या फैमिली वीज़ा पर आकर गैर-कानूनी तरीके से काम करने लगते थे, जो सऊदी श्रम कानूनों का उल्लंघन है और स्थानीय श्रम प्रणाली में बाधा उत्पन्न करता है।



## भारतीय नौसेना को सलाम, पाकिस्तान के घायल सैनिक की जान बचाई

ओमान (ए)। सीमा पर रिश्तों में दोनों देशों की तल्खी के बाद भी घायल पाकिस्तानियों को जरूरत पड़ी, तब भारतीय सैनिकों ने मौके पर पहुंचकर घायल सैनिक को पटटी बांधी। खबर है कि ओमान के तट पर काम के दौरान पाकिस्तानी क्रू के एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तब उनकी मदद के लिए भारतीय नौसेना आगे आई।



रिपोर्ट के अनुसार, ओमान के तट पर मौजूद मछली पकड़ने वाले ईरान के जहाज में पाकिस्तानी क्रू के कुछ सदस्य काम में जुटे थे। काम के ही दौरान वे हादसे का शिकार हुए और गंभीर चोट आ गई। खबर है कि उनकी हड्डी टूट गई थी और हाथ में भी गंभीर चोट आई थी। इसकारण पाकिस्तानी क्रू के सदस्य का खून भी काफी बह गया था। घटना के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस त्रिकंड ने उनकी मदद की थी। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने कहा, आईएनएस त्रिकंड ने तत्काल अपना रास्ता बदला और नाव तक पहुंचा। युद्धपोत के डॉक्टर कमांडो की मेडिकल टीम के साथ नाव पर पहुंचे। खबर है कि घायल शख्स के इलाज में करीब तीन घंटे का समय लगा। उन्होंने कहा, लोकल एनेस्थीसिया देने के बाद मेडिकल टीम ने अंगुलियों पर टांके लगाए गए और पट्टी बांधी। यह प्रक्रिया करीब 3 घंटे चली। खून का बहना भी नियंत्रण में आ गया था, जिसके चलते अंगुलियों को हमेशा के लिए खराब होने से बचा लिया गया। साथ ही दवाएं भी दी गईं थीं।

# इजराइली पीएम गिरफ्तारी के डर से 400 किमी का चक्कर काट कर पहुंचे अमेरिका

### डोनाल्ड ट्रंप से टैरिफ मुद्दों पर राहत पाने कर सकते हैं मुलाकात



वाशिंगटन,(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ का असर अब शेयर बाजारों में देखने लगा है। भारत समेत एशिया और अमेरिका के शेयर बाजार औंधे मुंह गिर गए हैं। करीब 50 से ज्यादा देशों ने ट्रंप से मिलने की इच्छा जताई है। इसमें ट्रंप के दोस्त इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी शामिल हैं। ट्रंप से टैरिफ मुद्दों पर राहत की दरकार करने नेतन्याहू आज अमेरिका पहुंच गए हैं। वह ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हंगरी से उड़ान भरने के बाद नेतन्याहू ने अमेरिका पहुंचने के लिए 400 किलोमीटर का अलग से चक्कर लगाकर सफर तय किया। इसके पीछे की वजह बताई जा रही है कि नेतन्याहू को गिरफ्तारी का डर सता रहा था।

नेतन्याहू के विमान ने हंगरी से अमेरिका की उड़ान के दौरान सामान्य मार्ग से करीब 400 किलोमीटर लंबा रास्ता तय किया ताकि उन देशों के हवाई क्षेत्र से बचा जा सके जो अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के गिरफ्तारी वारंट को लागू कर सकते थे। यह जानकारी इज़राइली की रिपोर्ट में सामने आई है।दरअसल, गाजा में हजारों बेगुनाह लोगों की मौत का जिम्मेदार नेतन्याहू को माना है और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। आईसीसी के नियमों को मानने वाले देश के यहां यात्रा करने पर नेतन्याहू को गिरफ्तार कर सकते थे। हालांकि हंगरी ने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट के मुताबिक इज़राइल को आशंका थी कि आयरलैंड, आइसलैंड और नीदरलैंड जैसे देश आईसीसी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के तहत कार्रवाई कर सकते हैं, इसलिए नेतन्याहू के विमान ने उनके हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से नजरअंदाज किया।

# बांग्लादेश में यूनुस सरकार अपने विरोधियों पर कर रही अत्याचार

### शेख हसीना की अवामी लीग के कई नेताओं पर किए गए क्रूर हमले



ढाका,(ए)। बांग्लादेश में यूनुस सरकार अपने विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबा रही है। अवामी लीग पार्टी के एक नेता को हिरासत में लिया गया है। अवामी लीग के महासचिव एम ए खालेक उपजिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी किन कारणों के तहत हुई इसका खुलासा नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खालेक को पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया।खालेक को शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग सरकार के पतन के बाद सभी पदों से हटा दिया गया था। अगस्त 2024 में सत्ता संभालने के बाद से अंतरिम सरकार ने अवामी लीग के नेताओं पर क्रूर कार्रवाई की, जिनमें से ज्यादातर का आधार बेहद कमजोर था। पिछले महीने तंगेल-5 निर्वाचन क्षेत्र के एक पूर्व विधायक समेत अवामी लीग के तीन नेताओं को राजधानी के भटारा क्षेत्र में जुलाई में हुए छात्र आंदोलन पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। इस सप्ताह के शुरू में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया क्योंकि पुलिस को शक था कि वे अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक हैं। आरोपियों ने सिलहट में पार्टी की स्टूडेंट विंग छात्र लीग के पक्ष में जुलूस निकाला था।अवामी लीग के सदस्यों पर हुए हमले में पूर्व मेयर अनवरुज्जमां चौधरी और पूर्व सांसद शफीउल आलम चौधरी नादेल के आवासों पर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के छात्र दल के बैनर तले भीड़ ने हमला किया और तोड़फोड़ की।

शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद अवामी लीग के कई नेताओं पर क्रूर हमले किए गए और उनकी हत्या कर दी गई।



## हैदराबाद को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंची गुजरात, मोहम्मद सिराज बने प्लेयर ऑफ द मैच

हैदराबाद (आरएनएस)। आईपीएल 2025 के 19वें मैच में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया है. हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में हैदराबाद ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए. गुजरात की टीम ने कप्तान शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर की शानदार पारियों के चलते 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

यह गुजरात की आईपीएल 2025 में 4 मैचों में तीसरी जीत है, इस जीत के साथ ही जीटी की टीम प्वाइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर आ गई है. वहीं अगर हैदराबाद की टीम की बात करें तो यह उनकी 5 मैचों में चौथी हार है. एसआरएच की टीम 2 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में सबसे अंतिम यानी 10वें पायदान पर बनी हुई है।

हैदराबाद से जीत के लिए मिले 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने शुभमन गिल और साईं सुदर्शन आए. सुदर्शन 5 रन पर शमी का शिकार बने लेकिन शुभमन गिल ने धमाकेदार अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिला दी. उनका साथ वाशिंगटन सुंदर और इम्पैक्ट प्लेयर शेरफेन रदरफोर्ड ने दिया. गुजरात के लिए गिल ने 43 बॉल पर 9 चौकों की मदद से 60 रनों की नाबाद पारी खेली।

संदुर ने 29 बॉल पर 5 चौके और 6 छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली. वह अपना अर्धशतक लगाने से चूक गए. रदरफोर्ड ने 16 बॉल में 6 चौके और 1 छक्के के साथ 35 रनों की नाबाद पारी खेली और गिल के साथ मैच जीता दिया. हैदराबाद के लिए मोहम्मद शमी ने 2 और पैट कमिंस ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले हैदराबाद की टीम 152 रन ही बना पाई. टीम के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 31 और हेनरिक क्लासेन ने 27 रन बनाए. बाकी कोई भी बल्लेबाज 20 रनों के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया. ट्रेविस हेड (8),अभिषेक शर्मा (18) भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए।

गुजरात के लिए सबसे ज्यादा विकेट मोहम्मद सिराज ने लिए. उन्होंने 4 ओवर में मात्र 4.25 की इकोनॉमी से 17 रन देकर 4 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही सिराज ने आईपीएल में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं।

# सीएसके पर जीत के इरादे से उतरेगी पंजाब

### शाम 7: 30 बजे शुरू होगा मैच




मुल्लांपुर (ए)। पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब ने इस सत्र में शुरुआती दोनो ही मैच जीते थे पर तीसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि इससे टीम के खिलाड़ियों को जाग जाना चाहिये। इससे माना जा रहा है कि इस मैच में पंजाब जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। उसे घरेलू हालातों का भी लाभ मिल सकता है। श्रेयस अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। उसके बल्लेबाज जमकर रन बना रहे हैं। इसके अलावा उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। टीम के पास ग्लेन मैक्सवैल जैसा ऑलराउंर है।

इस प्रकार देखा जाये तो पंजाब का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं दूसरी ओर सीएसके की टीम के लिए ये सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसे अब तक एक ही मैच में जीत मिली है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी भी अब पहले जैसे फिनिशर नहीं रहे हैं और इसका नुकसान टीम को उठाना पड़ रहा है। इसी कारण टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार तीन मैचों में हारी है। सीएकसके की टीम को सही संयोजन भी तलाशना होगा। सीएसके के पास अब लक्ष्य का पीछा करते हुए निचले क्रम पर फिनिशर के तौर पर केवल शिवम दुबे ही बचे हैं। ऐसे में विपक्षी टीम अगर 180 से अधिक रन बना लेती है तो सीएसके लिए उसका पीछा करना भी कठिन हो जाता है। इसका कारण है कि शिवम आक्रामक बल्लेबाजी तो करते हैं पर वह कई मैचों में असफल भी रहे हैं। धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स की परेशानी इसलिए भी बढ़ी है कयोंकि उसका शीर्ष क्रम रन नहीं बना पा रहा है। इसी कारण कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की जगह मध्यक्रम में उतरना पड़ रहा है। पंजाब किंग्स से मुकाबला इसलिए भी मुश्किल हैं क्योंकि पंजाब के पास स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिनका समाना करना सीएसके के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं टीमें

चेन्नई सुपरकिंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

## धोनी बोले, आईपीएल से संन्यास का फैसला फिटनेस के आधार पर करुंगा

चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि अभी वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास नहीं ले रहे और इस मामले में कोई भी फैसला अपनी फिटनेस के आधार पर करेंगे। धोनी ने कहा कि वर्तमान सत्र के बाद अपनी फिटनेस का आंकलन करने के बाद ही वह अगले सत्र में खेलने पर कोई फैसला करेंगे। वहीं आईपीएल से संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल पर धोनी ने कहा कि मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं और इसी पर ध्यान दे रहा हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और एक बार में एक साल तक की ही बात कर सकता हूं। जब यह सत्र खत्म होगा, तब तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। इसलिए, मेरे पास यह तय करने के लिए अभी करीब 10 महीने हैं कि मैं अगले साल खेल सकता हूं या नहीं। उन्होंने कहा कि ये मेरे चाहने या न चाहते की जगह फैसला इस पर आधारित होगा कि मेरा शरीर क्या चाहता है। यह शरीर है जो आपके लिए फैसले लेता है। मैं खेल जारी रख सकता हूं या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं शारीरिक रूप से कैसा महसूस करता हूं। अभ मैं इस बात पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि इस सत्र में क्या करना होगा। वहीं इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वह बल्लेबाजी में भी निचले क्रम पर उतरे।धोनी ने कहा कि खेल में मिली सफलता कड़ी मेहनत और अनगिनत व्यक्तियों के समर्थन का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के दिनों से ही मेरे माता-पिता, मेरे खेल शिक्षक और वे लोग जिनके साथ मैंने अपने शुरुआती मैच खेले, सभी ने इसमें भूमिका निभाई। यहां तक कि टेनिस-बॉल क्रिकेट ने भी मुझे कई चीजें सिखाईं, हालांकि इसमें भी कुछ अजीब चीजें भी हैं। उन्होंने कहा कि असफलताएं खेल का हिस्सा हैं पर जो मायने रखता है वह वापसी करने की क्षमता है।



## इशांत शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता के लिए लगाया गया जुर्माना?

हैदराबाद (आरएनएस)। गुजरात टाइटन्स के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने आईपीएल 2025 में अपने अभियान की अब तक निराशाजनक शुरुआत की है. दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अब तक 3 मैचों में 97 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया है. हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम के हालिया मैच में, उनकी परेशानियों को और बढ़ाते हुए, 36 वर्षीय खिलाड़ी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया है.आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है, गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है. इसमें कहा गया है, इशांत शर्मा ने अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया. आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और बाध्यकारी है।

# स्टार भारतीय शूटर रुद्राक्ष पाटिल ने रचा इतिहास, शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व विश्व चैंपियन भारत के स्टार शूटर रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने इतिहास रच दिया. रुद्राक्ष ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में पहले शूटिंग विश्व कप चरण के चौथे दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 अंक हासिल कर अपना दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ वर्ल्ड कप गोल्ड मेडल जीता.

युवा भारतीय चैंपियन को हंगरी के महान और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे राइफल शूटर इस्तवान पेनी ने लगातार परेशान किया, जिन्होंने कुछ दिन पहले पुरुषों की 3क्क स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन जब जरूरत पड़ी तो भारतीय निशानेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया।

अर्जेंटीना के मार्सेलो जूलियन गुटिरेज ने 24 शॉट के आठ पुरुषों के फाइनल में 22वें शॉट के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीता, उस समय उनका स्कोर 230.1 था, जो पेनी से 0.4 और लीडर पाटिल से 1.6 पीछे था।

इसके साथ ही भारत अब चीन के साथ प्वाइंट्स टेबल में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है, दोनों देशों ने अब तक समान 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता है. अभी आठ और फाइनल खेले जाने हैं. यूएसए ने भी 2 स्वर्ण जीते हैं और तीसरे स्थान पर है जबकि हंगरी ने भी 2 स्वर्ण जीते हैं।



पुरुषों की एयर राइफल क्वालीफिकेशन में दो रिले थीं और भारतीयों ने दोनों में शीर्ष स्थान हासिल किया, अर्जुन बाबूता ने अपने 60 शॉट्स में 634.5 का शानदार स्कोर बनाया, जो पहले रिले में सर्वश्रेष्ठ था. रुद्राक्ष ने 633.7 के प्रभावशाली स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए कुल मिलाकर दूसरा स्थान हासिल किया. पदक की दौड़ में तीसरे भारतीय हृदय हजारिका ने दूसरे रिले में 624.6 का स्कोर बनाया और कुल मिलाकर 22वें स्थान पर रहे।

पेनी और गुटिरेज के अलावा अंतिम आठ में जगह बनाने वाले अन्य लोगों में पूर्व यूरोपीय जूनियर चैंपियन इलिया मार्सोव (तटस्थ एथलीट) और युवा चीनी प्रतिभा वांग होंगहाओ शामिल थे।

पाटिल ने हालांकि फाइनल की शुरुआत में 10.7 का स्कोर करके अपने इरादे स्पष्ट कर दिए और केवल एक बार 9-रिंग पर निशाना साधा, वह भी अपने 19वें शॉट के लिए, जिसके बाद स्वर्ण पदक लगभग तय हो गया था. इस बीच उन्होंने 10.5 या उससे अधिक के आठ शॉट और तीन परफेक्ट 10.9 के साथ टिरो फेडरल अर्जेंटीनो डी ब्यूनस आयर्स शूटिंग रेंज में आग लगा दी, जिससे सोने पर सुहागा लग गया।

उनके श्रेय के लिए, उन्होंने 19वें शॉट को आसानी से पार कर लिया, और 10.2, 10.8, 10.5, 10.4 और 10.8 के स्कोर के साथ विशेष जीत हासिल की. एक समय पेनी ने 13वें शॉट पर पकड़ बना ली थी, लेकिन पाटिल ने अपने 14वें शॉट में 10.9 का स्कोर बनाकर एक बार फिर बढ़त हासिल कर ली और गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।

## अतिक्रमण दल ने हटाया बस स्टेंड से अतिक्रमण

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका द्वारा नगर को व्यवस्थित करने की कार्रवाई प्रतिदिन की जाती है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने दल बल के साथ आज प्राइवेट बस स्टेंड पर स्थित अतिक्रमण हटाया तथा रखे टपों को जब्त कर नगरपालिका के अधिकारी क्षेत्र में लिया।

अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि प्राइवेट पर बस स्टेंड पर अतिक्रमण की शिकायत लगातार नागरिकों द्वारा की जा रही थी। आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाया गया है। आगे लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अत नागरिकों से आग्रह है कि वे अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें अन्यथा नगरपालिका द्वारा सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाएगा जिसमें टूट फूट की जिम्मेदारी आप सभी की होगी।

## 249 सप्ताह से जारी है जय हो समिति के द्वारा नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। जय हो समिति द्वारा संचालित नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान ने रविवार को अपना 249वां सप्ताह पूर्ण किया। विगत 249 सप्ताहों से यह अभियान निरंतर रूप से मां नर्मदा के पावन तटों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु समर्पित है। इस अवसर पर समिति के स्वयंसेवकों ने प्रात:काल घाट पर एकत्र होकर स्वच्छता कार्य आरंभ किया। विवेकानंद घाट की सफाई प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रहण तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु जनजागरण अभियान भी चलाया गया। समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा यह अभियान केवल सफाई का कार्य नहीं बल्कि मां नर्मदा के प्रति हमारी श्रद्धा और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि नर्मदा घाट सदैव स्वच्छ सुंदर और पूज्य बना रहे। इस अवसर अर्पित मालवीय पंकज मेहरा विकाश केवट पीतम चक्रवर्ती अनुराग वर्मा रवि रैकवार विवेक वर्मा विशाल बावरिया संजू प्रजापति राजा मालवी सुजीत कैथवास गणेश यादव अंकित सागर उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुई स्वच्छता की बैठक

### सड़क पर कचरा फैंकने वालों पर होगी जुर्माने की कार्रवाई, सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर

## बारिश पूर्व बड़े नाले नालियों की सफाई की योजना बनाई

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका परिषद में सोमवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बारिश पूर्व जीसीबी पोकलेन की मदद से नगर के बड़े नाले नालियों की सफाईए नाले पर हुए अतिक्रमण हटानाए कर्मचारियों की संख्याबल बढ़ाना और सड़क पर कचरा फैंकने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई आदि के संबंध में बैठक में चर्चा की गई। 'बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटलेए स्वच्छता सभापति ऋचा जीतू तिवारीए पार्षद दीपिका राठौरए गणेश बाबरियाए रेखा यादव के साथ ही स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी उपनिरीक्षक संजय लुटारे सहित सुरवाईजर्स आदि उपस्थित रहे।

### सड़क पर कचरा फैकने वालों पर होगा जुर्माना

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने सभी सुपरवाईजर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पर कचरा बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जो भी नागरिकए दुकानदार सड़क पर कचरा फैंकते पाया जाता है उस पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। कचरा फैंकने वाला कोई भी हो उसे बक्शा नहीं जाए। नगर में प्रतिबंधित पालिथिन रखने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज को देखकर भी कार्रवाई भी करें।

### नाले नालियों की होगी सफाई

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने स्वच्छता निरीक्षक और सुपरवाईजर्स को निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान चलाकर नगर के बड़े नाले नालियों को बारिश पूर्व सफाई कराई जाए। साथ ही बंद और गहरे नाले में कर्मचारियों को न उतारा जाए। उस स्थान पर मशीनों का उपयोग कर सफाई कराई जाए। जरूरत के अनुसार नाले का उपरी हिस्सा हटाकर कर सफाई कराई जाए। साथ ही स्वच्छता से संबंधित जो भी वाहन है उसे तत्काल सुधरवाया जाए।

### काम नहीं करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई

मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि बारिश पूर्व नगर की स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जो भी कर्मचारी काम नहीं करेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी और उनकी सेवा समाप्ति होगी। सुपरवाइजर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारीगण कभी भी वार्डों का निरीक्षण कर सकते हैं उन्हें कचरा मिलेगा तो संबंधित वार्ड जमादार और सुपरवाईजर्स पर कार्रवाई की जाएगी। साथ भी जिन जिन घाटों पर भंडारे होते हैं वहां पर कचरा वाहन खड़ा करें और भंडारे कराने वालों से आग्रह करें कि वे कचराए कचरा वाहन में भी डालें।

### पॉलिथिन का उपयोग बंद हो

सभी नागरिक व्यापारी और दुकानदारों से आग्रह है कि वे सड़क पर कचरा न फैंकें। नगरहित में अमानक पालिथिन बंद कर दें। कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें। पालिथिन के नाले नालियों में फंसने से जल निकासी अवरूद्ध होती है और उससे जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है। अपने अपने दुकानों और कार्यस्थल पर डस्टबिन अवश्य रखें।

**नीतू महेंद्र यादव**
**नपाध्यक्ष, नर्मदापुरम**

## जल है तो कल है : जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शिवपुर में स्टॉप डैम के जीर्णोद्धार हेतु किया गया श्रमदान



नर्मदापुरम (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान जो 30 मार्च से 30 जून 2025 तक संचालित किया जा रहा है, इसके माध्यम से जिले भर में जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन की दिशा में जनसहभागिता से जल संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहे हैं। तत्संबंध में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत, माखननगर जनपद की ग्राम पंचायत शिवपुर में स्थित स्टॉप डैम के जीर्णोद्धार हेतु सामूहिक श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया एवं जल संसाधनों की सतत उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। जल है तो कल है के संदेश के साथ स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और डैम की सफाई एवं मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया।

## डिजिटल फसल सर्वेक्षण रबी 2024-25

## दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 15 अप्रैल तक, 17 अप्रैल को किया जाएगा निराकरण

नर्मदापुरम (निप्र)। अधीक्षक भू-अभिलेख, नर्मदापुरम द्वारा जानकारी दी गई है कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण मौसम रबी 2024-25 के अंतर्गत किसानों द्वारा दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इस अवधि में संबंधित किसान फसल सर्वेक्षण मौसम रबी 2024-25 से संबंधित आपत्ति या दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 17 अप्रैल 2025 तक संबंधित तहसीलदार द्वारा किया जाएगा। समस्त संबंधित राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सारणी के अनुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण करें, ताकि डिजिटल फसल सर्वेक्षण की प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न की जा सके।

## नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने जल विभाग की बैठक में कहा, वे रोजाना दो घंटे पेयजल सप्लाई का निरीक्षण करेंगे

### गर्मी के दिनों में बिना समस्या के पेयजल सप्लाई हो इसके लिए जल विभाग की बैठक हुई

इटारसी (ए.)। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने जलकार्य विभाग की बैठक नगरपालिका सभागार में आयोजित की। बैठक में जल विभाग सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल उपयंत्री आदित्य पांडे बैठक में जलकार्य विभाग से जुडे समस्त पंप ऑपरेटर व फील्ड स्टॉफ मौजूद रहा। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गर्मी को देखते हुए समस्त जल ऑपरेटर व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अलर्ट रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि वे रोजाना दो घंटे पेयजल सप्लाई का निरीक्षण करेंगे। बैठक में निर्देश दिए कि पेयजल सप्लाई में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। निर्देश दिए हैं कि यदि किसी कार्य स्थल पर मोटर जलती है तो पंप ऑपरेटर से स्पष्टीकरण लिया जाएगाए यदि वह संतोषजनक जबाव नहीं दे पाया तो कार्रवाई की जाएगी। नपाध्यक्ष श्री चौरे ने कहा कि उन्हें लगातार शिकायत मिल रही है कि बहुत अधिक समय तक पंप चल रहे हैंए उन्होंने कहा कि जिन टयूबवेल से बाल्व लगे हैं उन्हें छोडकर अन्य टयूबवेल जिनसे सीधे सारी पाइप लाइन में पेयजल की सप्लाई है वह 40 मिनिट से लेकर 1 घंटे तक ही चलाए जाएं। अधिक समय तक टयूबवेल चला हुआ मिला तो कार्रवाई करेंगे। नपाध्यक्ष श्री चौरे ने कहा कि पाइप लाइन लीकेज हो तो उसे देखकर ठीक करा लें। यदि किसी अन्य से लीकेज की सूचना मिली तो कार्रवाई की जाएगी। नपाध्यक्ष ने कहा कि जिन भी एरिया में टेंकरों से पेयजल वितरण हो रहा है पंप ऑपरेटर ही पेयजल वितरण का कार्य कराएंगे। बैठक में वार्ड क्रमांक 11 के पंप ऑपरेटर से कहा गया कि उनके यहां से काफी शिकायत हैंए वे सुधार लें। जल विभाग सभापति श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल ने कहा कि सभी पंप पर ऑपरेटर के मोबाइल नम्बर लिखाए जाएं। वहीं उन्होंने कहा कि पंप ऑपरेटर किसी अन्य व्यक्ति को पंप की चाबी न दें। बैठक में रविंद्र जोशी, राजाराम मालवीय, कंचन चौधरी, संजय दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्ड 28 में आ रहा था गंदा पानी

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड 28 का निरीक्षण किया। यहां पार्षद श्रीमती वंदना ओझा व अभिषेक ओझा के साथ में पेयजल सप्लाई में गंदा पानी आने की शिकायत पर निरीक्षण किया। पेयजल की समस्या का निराकरण भी तत्काल किया गया।

### वार्ड 25 में रोड का निरीक्षण

वार्ड 25 में बन रही रोड का निरीक्षण करने भी नपाध्यक्ष श्री चौरे पहुंचे। उनके साथ में पार्षद शुभम गौर मौजूद थे। रोड बनने से नागरिको को सुविधा होगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

### जल संरक्षण के लिए ग्राम भिलाड़िया कला में आयोजित किया गया जागरुकता अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिवनी मालवा विकासखंड के ग्राम भिलाड़िया कला में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें अपने जल स्त्रोतों को स्वच्छ, कचरा एवं गंदगी मुक्त बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के तालाब की स्वच्छता हेतु श्रमदान करने की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल जल संसाधनों की महत्ता बताई गई, बल्कि उन्हें स्वयं आगे आकर जल स्त्रोतों की स्वच्छता हेतु योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

## दर्दनाक हादसाः अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार बस, महिला समेत 2 की मौत, 11 घायल




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के इटारसी स्थित पथरौटा में आज सवारी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस कंडक्टर एवं एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बस में सवार 11 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए इटारसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक आज सोमवार दोपहर को इटारसी से आयुध निर्माणी के लिऐ छत्रपाल कंपनी की बस, सवारी भरकर पथरौटा के लिये इटारसी से निकली। इस दौरान अचानक पथरौटा के पास बस का ब्रेक फेल हो गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में सवार कंडेक्टर नरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम न्यूयार्ड एवं ग्राम बाद्ररी निवासी नजमा खातून की बस में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना में 11 लोग घायल हो गये।

### हादसे में इन्हें आई ज्यादा चोटें

गोकल पुरी (78) निवासी, नर्मदापुरम, शाजरा खातून निवासी, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, रीना धुर्वे (35) निवासी, इटारसी, इठल आदिवासी (40) निवासी, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, ज्योति इरपाचे पिता कृष्ण चन्द इरपाचे (22) निवासी, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, दिव्या पिता रमेश (29) निवासी, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, बिट्ठल पंवार (35) निवासी, जमाईकला ऑर्डनेंस फैक्ट्री, स्वनिल वर्मा (47) निवासी, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, मनीषा कलाम (21) निवासी, ऑर्डनेंस फैक्ट्री।जिनका इलाज इटारसी के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। पथरौटा पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मर्ग कायम कर दो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि हादसे में 8 से 10 यात्री घायल हुए हैं। इनमें इटारसी कॉलेज में परीक्षा देने जा रही मनीषा की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायल यात्रियों को इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सवा सौ वर्ष से हो रहा है नर्मदा तट सेठानी घाट पर श्रीरामचरित मानस नवान्ह पारायण पाठ

### शर्मा परिवार के पूर्वजों ने शुरू कराया अनुष्ठान, तीसरी पीढ़ी कर रही संचालन

### हवन के साथ नवान्ह पारायण का हुआ समापन



नर्मदापुरम (बलराम शर्मा)। सेठानीघाट पर विगत 125 वर्षों से अधिक समय से प्रतिवर्ष चैत्र की नवरात्रि में सार्वजनिक रूप से श्रीरामचरित मानस के नवाह्नपारायण के पाठ का आयोजन विशाल टेंट लगाकर किया जाता है। जिसमें भगवान श्रीरामजी की प्रतिमा के समक्ष शहर के सैंकड़ों श्रद्धालु एकत्रित होकर संवेद स्वरों में मानस पाठ कर रहे हैं। नवसंवतसर से रामनवमी तक लगातार नो दिनों तक प्रतिदिन एक पारायण का पाठ संगीतमय होता है। दसवीं तिथि के अवसर पर हवन के साथ नवान्ह पारायण का समापन हुआ। यह कार्यक्रम पूर्व विधायक पं गिरिजा शंकर शर्मा के पूर्वजों के द्वारा नवान्ह पारायण का पाठ मां नर्मदा के सेठानीघाट पर प्रारम्भ कराया गया था। जिसमें पूर्व में आचार्य स्व. शिवदत्त शर्मा गायन करते थे। संगत में स्व. पं शालिग्राम पुरोहित श्री परसाई, स्व. पं चोखेलाल, स्व. पं राजाराम चौबे रहते थे। उनके देहांत के बाद मुख्य आचार्य की भूमिका स्व. राम कृष्ण दुबे एवं पं किंकर दुबे की रही। अब विगत कुछ वर्षों से शर्मा परिवार की तीसरी पीढ़ी में डा वैभव शर्मा के संयोजन में यह कमान आचार्य पं सुनील चौरे बखूबी सम्हाले हुए हैं। सहयोगी प्रशांत दुबे मुन्नू, अजय प्रकाश श्रीवास्तव व अन्य अनेक सदस्यों के द्वारा निभाई जा रही है। चैत्र प्रतिपदा नवरात्र के पहले दिन से भगवान श्रीराम और श्रीरामचरित मानस की पूजन अर्चन के साथ नवान्ह परायण की शुरूआत होती है। जिसमें शहर के श्रद्धालु शामिल होते हैं।

### सत्संग चौक पर श्रीराम की महिमा

प्रसिद्ध सेठानी घाट के सत्संग चौक पर भगवान श्रीराम जी की विशेष महिमा है। यहां पर श्रीराम मंदिर तो ही साथ ही शताधिक वर्षों से अधिक समय से शर्मा परिवार के द्वारा श्रीरामलीला का भव्य आयोजन लगातार होते आ रहा है। इसके अलावा श्रीरामलाल शर्मा स्मृति समरोह के तहत पांच दिनों तक भगवान श्रीराम के गुणानुवाद का आयोजन, श्रीराम नवमी महोत्सव समारोह का समापन, श्रीराम जन्मोत्सव का सामूहिक आयोजन सहित अनेक धार्मिक आयोजन होते हैं। जिसमें शहर के सैंकड़ों लोग शामिल होते हैं।

## अवकाश के दिनों में भी समग्र ई केवायसी केन्द्र रहें एक्टिव, पंचायतवार लक्ष्यों का निर्धारण कर ई केवाईसी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए : कलेक्टर सोनिया मीना

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाए सभी उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए, बिना स्लॉट बुकिंग एवं पंजीयन के न हो खरीदी



नर्मदापुरम (निप्र)। सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 31 मई 2025 तक समग्र आईडी की ई-केवाईसी के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस अभियान की प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने बीते सप्ताह की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) को निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत के लिए लक्ष्य निर्धारित कर समग्र आईडी की ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान की नियमित समीक्षा की जाए तथा एक कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए। साथ ही एक समर्पित टीम गठित की जाकर उक्त कार्य के लिए संलग्न किया जाए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि प्रभारी अधिकारियों की आईडी बनवाकर उन्हें समय पर एक्टिवेट करवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा न उत्पन्न हो। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत सौजान सिंह रावत को निर्देशित किया कि सभी जनपदों के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित किए जाएं और उसी अनुरूप समग्र आईडी की ई-केवाईसी की कार्यवाही को संपन्न करवाया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि अभियान की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी ई-केवाईसी शिविरों का आयोजन किया जाए, जिससे ई केवाईसी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो। कलेक्टर सुश्री मीना ने जिले में शासकीय परिसंपत्तियों पर हो रहे अवैध अतिक्रमणों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## वार्षिक निरीक्षण रोस्टर के अनुसार सभी कलेक्टर्स एवं सीईओ निरीक्षण करना सुनिश्चित करें - कमिश्नर श्री तिवारी

### जल गंगा संवर्धन अभियान में नीचे का अमला सक्रिय होकर कार्य करें



नर्मदापुरम (निप्र)। सभी कलेक्टर्स एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अपर कलेक्टर ने वार्षिक निरीक्षण रोस्टर बना लिया है। अब सभी अधिकारी इस बनाए गए वार्षिक निरीक्षण रोस्टर के अनुसार ही निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। सभी निरीक्षण बारिकी से और समय लेते हुए करें। जल्दी बाजी में कोई भी निरीक्षण ना किया जाए और निरीक्षण के दौरान कोई भी पैनिक क्रिएट न किया जाए। सभी निरीक्षण विस्तार से किए जाएं। उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नर्मदापुरम संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर्स एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने 30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की अब तक इस अभियान के अंतर्गत उस गति से कार्य नहीं किया गया है जिस गति से कार्य होना चाहिए था। उन्होंने नीचे के अमले को और अधिक सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि सभी जल संरचनाओं के जीणोद्धार और पुनर्जीवन के लिए विशेष तौर पर कार्य योजना बनाई जाए और उस कार्य योजना को अमली जामा पहनाया जाए। सभी कार्य शत् प्रतिशत पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जल गंगा संवर्धन अभियान को प्राथमिकता से ले क्योंकि स्वयं मुख्यमंत्री जी ने इस अभियान में सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने संपर्कता सर्वे मोबाइल ऐप के द्वारा जिले में संपर्कता विहीन बसाहटो के चिन्हांकन एवं भौतिक सत्यापन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## बस ऑपरेटर स्थायी परमिट के लिए कमिश्नर कार्यालय में 17 अप्रैल को दे सकेंगे लिखित में अपनी आपत्ति

### स्थायी परमिट के 165 केस कि की जानी है सुनवाई

नर्मदापुरम (निप्र)। सभी बस ऑपरेटर स्थायी बस परमिट के लिए 17 अप्रैल 2025 को लिखित में अपनी आपत्ति कमिश्नर कार्यालय नर्मदा पुरम में दे सकेंगे। बस ऑपरेटर स्वयं या अपने प्राधिकार वक्ता जिनके पास प्राधिकार पत्र वकालतनामा है उनके माध्यम से अपने लिखित आपत्ति 17 अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक दे सकेंगे। इसके पश्चात आपत्ति प्रस्तुत करने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ओरिजिनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी आरटीओ में आयुक्त नर्मदापुरम संभाग को एकल सदस्य प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण में अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को प्राधिकार में सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।इस अथॉरिटी में आवेदनों पर गत 3 अप्रैल एवं 4 अप्रैल तथा 7 अप्रैल को सुनवाई की गई थी लेकिन इन तीन दिनों में बस ऑपरेटर ने जो आपत्ति दर्ज कराई थी उनमें से कई बिना अथॉरिटी के एवं अलिखित में आपत्ति दर्ज कराई गई थी। अब उन सबको पुन: एक अवसर देते हुए 17 अप्रैल 2025 की दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक का समय नियत किया गया है जहां पर बस ऑपरेटर स्वयं उपस्थित होकर या अपने प्राधिकार वक्ता जिनके पास प्राधिकार पत्र है उनके माध्यम से लिखित में अपनी आपत्ति कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com